आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 352-● जबलपुर ● शनिवार, 29 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग तस्कर गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने शुक्रवार को एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया। 31 साल का साहिल शाह उर्फ फ्लैको पिछले कुछ माह से फरार चल रहा था। अधिकारियों ने बताया, सुशांत सिंह राजपूत के पड़ोसी रहे फ्लैको को दुबई से लौटते ही पकड़ लिया गया। राजपूत की मौत से संबंधित ड्रग मामले में एक आरोपी की जांच के दौरान उसका नाम सामने आया था।

कोरोना से मौतों में फिर इजाफा

24 घंटे में आए 2.35 लाख मामले

एक्टिव केस अभी भी 20 लाख

नई दिल्ली ।देश में कोरोना महामारी का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को मृतकों की संख्या में भारी इजाफा ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी शनिवार (29 जनवरी) के आंकड़े के अनुसार देश में बीते 24 घंटे में 2 लाख 35 हजार 532 (2,35,532) नए मामले सामने आए हैं।

वहीं बीते 24 घंटे में 871 लोगों की कोरोना से मौत हुई है जो कि चिंताजनक है। हालांकि राहत की बात यह है कि देश में अब सक्रिय मरीजों की संख्या में कमी आने लगी है और स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश में अब 20.04 लाख सक्रिय मामले (20,04,333) बचे हैं। वहीं स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या आज 3.35 लाख हो गई। रोजाना संक्रमण दर घटकर 13.39 फीसदी हो गई है।

बूस्टर खुराक के लिए नेजल टीके के परीक्षण की मंजूरी

देश में जल्द बूस्टर खुराक के लिए नाक से दिए जाने वाले टीके (नैजल वैक्सीन) का तीसरा परीक्षण शुरू होगा। सरकार ने भारत बायोटेक को इसकी अनुमति दे दी।

महाराष्ट्र में 103 मौत तीन माह में सर्वाधिक

उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, असम, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, गोवा, हरियाणा, झारखंड, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल समेत 16 राज्यों में में सक्रिय मरीजों की वृद्धि दर में कमी दर्ज की जा रही है। महाराष्ट्र में एक दिन में 103 मरीजों की मौत हुई है, जो कि अक्तूबर के बाद सबसे ज्यादा है।

रतलाम में 5 लोगों में मिला ओमिक्रॉन का नया स्ट्रेन, 1 मौत भी

भोपाल। रतलाम में ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट से संक्रमित मरीज मिले हैं। जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजे गए 9 सैंपल में से 5 सैंपल में ओमिक्रॉन वैरिएंट क्ष1 मिला है। इन 5 मरीजों में से 2 विदेश से लौटे लोग हैं। 3 अन्य लोगों की भी ट्रैवल हिस्ट्री सामने आई है। 80 साल की एक महिला की मौत भी रिपोर्ट हुई है। 120 नए पॉजिटिव मिले हैं। इनमें 4 साल के दो बच्चे और 9 साल का एक बच्चा है। कोरोना संक्रमण के सात हजार से अधिक नए मामले सामने आए। इसके साथ ही इस बीमारी से पांच मरीजों की मौत हो गयी। वहीं प्रदेश में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 67,945 तक पहुंच गयी है।



यूपी में अब पीएममोदी संभालेंगे भाजपा की कमान

नर्द दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 जनवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी भाजपा के लिए अपनी पहली आभासी राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान पहले चरण में मतदान वाले जिलों को फोकस किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कोविड -19 के बढ़ते मामलों के कारण 31 जनवरी तक रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि अगर चुनाव आयोग यह प्रतिबंध बढ़ाता है तो पीएम इसी तरह की आभासी रैलियों को संबोधित कर सकते हैं।वे 31 जनवरी से रैलियों को संबोधित करना शुरू करेंगे।

वैज्ञानिकों ने खोजा एयर वैद्य कोरोना से बचाएगा

धूप चिकित्सा पद्धति पर भारत में हुआ पहला अध्ययन

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से बचाव में धूप अहम भूमिका निभाएगी। आयुर्वेद में वर्षों से चली आ रही धूप चिकित्सा पद्धति पर भारत में हुए दुनिया के पहले वैज्ञानिक अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। वैज्ञानिकों ने एयर वैद्य की खोज की है जो संक्रमण से बचाव के अलावा उसे प्रसारित होने भी नहीं देता।एयर वैद्य एक धूप है जिसकी सुगंध के जरिये 19 तरह की जड़ी बूटियों का सेवन दिन में दो बार कर कोरोना संक्रमण से बचा जा सकता है। इतना ही नहीं एक पारदर्शी केबिन में बंद मक्खियों पर भी इसका परीक्षण हुआ है जिसमें किसी भी तरह के हानिकारक तत्व की पहचान नहीं हुई है। यानी इंसानों के लिए एयर वैद्य को पूरी तरह से सुरक्षित पाया गया है। इस अध्ययन को बनारस हिंदू विवि (बीएचयू) और एमिल फार्मास्युटिकल्स ने मिलकर किया है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की क्लीनिकल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया में भी पंजीयन के बाद यह अध्ययन दो समूह में किया गया। बीएचयू के वरिष्ठ डॉ. केआरसी रेड्डी ने बताया कि 19 जड़ी-बूटियों से खोजा गया एयर वैद्य एक हर्बल धूप (एवीएचडी) के रुप में है। हाल ही में इस पर दूसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल पूरा हुआ है। दो अलग अलग समूह में हुए इस अध्ययन में पता चला है कि दिन में दो बार इसके इस्तेमाल करने पर कोरोना संक्रमण से बचाव किया जा सकता है।

केंद्र ने कहा-मैरिटल रेप को लेकर पश्चिम देशों का न किया जाए अनुसरण

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि बलात्कार को साबित करने के लिए कई तरह के साक्ष्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जैसे- जबरन शरीर के निजी अंगों को छूना, चोट के निशान वगैरह, लेकिन वैवाहिक बलात्कार में साक्ष्यों को प्रस्तुत करना मुश्किल होगा। मैरिटल रेप से जुड़ी एक याचिका का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि भारत को इस मामले में सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है। हमें आंख बंद करके इस मामले में पश्चिमी देशों का अनुसरण नहीं करना चाहिए। वहां पर मैरिटल रेप को अपराध की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन भारत की अपनी समस्याएं हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि भारत में साक्षरता, आर्थिक कमजोरी, महिला सशक्तिकरण की कमी, गरीबी जैसे इसके कई कारण हैं। इसलिए भारत को इस मामले में बहुत ही सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

यह भारत है और हमारी अपनी समस्याएं हैं

अपने लिखित जवाब में केंद्र सरकार ने कहा कि वैवाहिक बलात्कार को किसी भी कानून के अंतर्गत परिभाषित नहीं किया गया है। जबकि बलात्कार को आईपीसी की धारा 375 के तहत परिभाषित किया गया है। केंद्र ने कहा कि इसे अपराध घोषित करने के लिए व्यापक आधार की आवश्यकता होगी। इसकी समाज में आम सहमति होनी चाहिए। वैवाहिक बलात्कार क्या होता है यह बताने की आवश्यकता है।

सुपर मार्केट में शराब बिक्री पर सियासी घमासान

BJP ने किया विरोध, तो संजय राउत ने दिया यह जवाब

मुंबई। महाराष्ट्र की सियासी गलियारों में एक नए विवाद ने जन्म ले लिया है। यह विवाद सुपर मार्केट में शराब की बिक्री को लेकर है। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने फैसला किया है कि अब किराने की दुकानों और सुपर मार्केट में भी शराब बिक्री की अनुमति दी जाएगी। इस फैसले के बाद से यहां सियासी घमासान छिड़ गया है। बीजेपी के विरोध दर्ज करने के बाद शिवसेना नेता और सांसद संजय राउत ने पलटवार किया है समाचार एजेंसी ' के मुताबिक संजय राउत ने कहा कि फडनवीस सरकार ने ऑनलाइन शराब की होम डिलीवरी देने की नीति बनाने की योजना बनाई, तो वो क्या था? आगे उन्होंने कहा कि बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि शराब एक दवा है और इसे कम मात्रा में पिएं।

रिपोर्ट में दावा :भारत ने इस्राइल से 2017 में खरीदा था पेगासस

नई दिल्ली। जासूसी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इजराइली स्पाइवेयर पेगासस पर न्यूयॉर्क टाइम्स के खुलासे से मोदी सरकार एक बार फिर सवालों में घेरे में है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मोदी सरकार ने 2017 में एक डिफेंस डील में मिसाइल सिस्टम के साथ इसे खरीदा था। ये डील 2 बिलियन डॉलर की थी। सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, च्मोदी सरकार ने हमारे लोकतंत्र की प्राथमिक संस्थाओं, राज नेताओं व जनता की जासूसी करने के लिए पेगासस ख़रीदा था। फोन टैप करके सत्ता पक्ष, विपक्ष, सेना, न्यायपालिका सब को निशाना बनाया है। ये देशद्रोह है। मोदी सरकार ने देशद्रोह किया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मोदी सरकार ने भारत के दुश्मनों की तरह काम क्यों किया और भारतीय नागरिकों के खिलाफ पेगासस का इस्तेमाल किया? उन्होंने कहा, पेगासस के जरिए जासूसी करना देशद्रोह है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और हम सुनिश्चित करेंगे कि न्याय मिले। यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा, भारत ने 2017 में इजराइल के साथ रक्षा सौदे के तहत पेगासस को खरीदा था।

घिरी सरकार राहुल बोले मोदी सरकार ने किया देशद्रोह

बांधवगढ़ में तेंदुए और एक वयस्क बाघ की मौत

उमरिया । उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सीमा में आज एक मृत तेंदुए और एक मृत वयस्क बाघ का शव मिला है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि धमोखर वन परिक्षेत्र के बफर एरिया के बढ़वार बीट के सीमावर्ती राजस्व क्षेत्र के गढरी हार में अन आइडेंटिफाइड वयस्क नर बाघ की मौत हुई है। संभावना है कि दो बाघों के ल?ाई की वजह से बाघ की मौत हुई है। बाघ की मौत किन कारणों से हुई है, फिलहाल साफ नहीं है, हालांकि पीएम आदि के बाद मौत के कारण और अधिक साफ हो सकेंगे। इसके अलावा वन परिक्षेत्र पनपथा के कोर क्षेत्र में तेंदुए के मौत होने पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि शिकारियों ने जीआई तार की मदद से तेंदुए का शिकार किया था। दोनों वन्य प्राणियों का अंतिम संस्कार के समय फील्ड डाइरेक्टर बीएस अन्नीगिरी, चिकित्सक डॉ. नितिन गुप्ता, डॉ. हिमांशु जोशी, एसडीओ सुधीर मिश्र, रेंजर वीएस श्रीवास्तव सहित पार्क अधिकारी मौजूद रहे।

लड़ाई और शिकार से जान जाने की आशंका

Beating Retreat Ceremony

पहली बार होगा 1000 ड्रोन का शो

नई दिल्ली । विजय चौक पर आज शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस बार का आयोजित कई मायनों में बहुत अलग होना जा रहा है। इस साल की Beating Retreat Ceremony में नया ड्रोन प्रदर्शन प्रमुख आकर्षणों होगा। भारतीय स्टार्टअप बोटलैब, लाइट शो के एक हिस्से के तौर पर शनिवार शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह में 1,000 ड्रोन उड़ाएगा। चीन, रूस और ब्रिटेन के बाद भारत 1,000 ड्रोन के साथ इतने बड़े पैमाने पर ड्रोन शो का आयोजन करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर रामनाथ कोविंद शामिल होंगे। इसके साथ ही आज गणतंत्र दिवस सप्ताह का समापन हो जाएगा। इस साल बीटिंग रिट्रीट समारोह को आजादी के 75 साल (आजादी का अमृत महोत्सव) पूरे होने के उपलक्ष्य में बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। बीटिंग रिट्रीट समारोह का दूरदर्शन के राष्ट्रीय यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। लोग बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी को दूरदर्शन नेशनल चैनल पर लाइव भी देख सकते हैं। समारोह शाम करीब पांच बजे शुरू होने की संभावना है। इस बार बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के दौरान 26 धुनें बजाई जाएंगी। इसकी शुरुआत बिगुल पर फनफेयर ट्यून से होगी। इसके बाद मास बैंड वीर सैनिक गीत, पाइप्स बैंड और ड्रम बैंड 6 धुनें होंगी। केंद्रीय सशस्त्र बल तीन धुन बजाएंगे और वायुसेना बैंड चार धुन बजाएगा। फ्लाइट लेफ्टिनेंट एल.एस. रूपचंद्रन द्वारा एक विशेष लड़ाकू धुन प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद नौसेना के जवान चार धुन बजाएंगे।



गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस की पैंट्री कार में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली । गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस में शनिवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। जानकारी के मुताबिक, एक्सप्रेस ट्रेन की पैंट्री कार में सुबह करीब 10-30 बजे आग लग गई। पैंट्री में जैसे ही धुंआ दिखाई दिया, यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। कई यात्री तो चलती गाड़ी से नीचे कूद गए। गनीमत यह रही कि जिस समय आग लगने की जानकारी हुई, ट्रेन महाराष्ट्र के नंदुरबार रेलवे स्टेशन पर पहुंच चुकी थी, जिस कारण उसकी गति काफी गम थी। पश्चिमी रेल अधिकारियों ने बताया कि जिस ट्रेन में यह हादसा हुआ, उसमें 22 कोच शामिल थे। 13वां कोच पैंट्री कार का था। आग की सूचना होते ही पैंट्री कार को ट्रेन से अलग कर दिया गया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेडिकल टीम व पैरामेडिकल स्टाफ को मौके पर भेजा गया। करीब 12-10 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

पुलिस पोस्टिंग के लिए अनिल देशमुख ने तैयार किए थे लिस्ट

मुंबई । प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ अपनी चार्जशीट में खुलासा किया है कि तत्कालीन मंत्री पोस्टिंग के लिए पुलिस ऑफिसर और अधिकारियों के नामों की एक सूची तैयार की है। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, देशमुख ने पुलिस अधिकारियों और उनके ठिकानों की सूची अग्रेषित करने की बात स्वीकार की है।उन्हें एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग) और पुलिस स्थापना बोर्ड के प्रमुख (पीईबी) में स्थानांतरित किया जाना था। बात दें कि देशमुख कथित भ्रष्टाचार और जबरन वसूली के आरोप में जांच के घेरे में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी ने यह भी दावा किया कि देशमुख ने 16 साल के निलंबन के बाद सचिन वाजे की बहाली में अहम भूमिका निभाई थी। वाजे जो एक सहायक पुलिस निरीक्षक थे, को मुंबई पुलिस की अपराध खुफिया इकाई (सीआईयू) का प्रमुख बनाया गया था। उसके जरिए कथित तौर पर जबरन वसूली करने के लिए उसे कई सनसनीखेज जांच का जिम्मा सौंपा गया था।

ईडी ने चार्जशीट में किया खुलासा

स्पेस में 13000 सैटेलाइट भेजने की तैयारी में चीन

नई दिल्ली। क्या चीन दुनिया में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए अब जासूस की सहारा ले रहा है? क्या चीन ने अपने सैटेलाइट का इस्तेमाल जासूसी के लिए करने की बड़ी योजना बनाई है? ये सवाल उस मीडिया रिपोर्ट के आने के बाद उठे हैं, जिनमें कहा गया है कि चीन ने Megaconstellation (मेगाकॉन्स्टेलेशन) पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत एक-दो या 10-12 नहीं, पूरे 13 हजार सैलेटाइट अंतरिक्ष में छोड़े जाएंगे। चीनी सरकार ने इसका ठेका एक निजी कंपनी को दिया है। कंपनी कह रही है कि 5त्र सेवाओं के लिए ये अंतरिक्ष यान छोड़े जाएंगे, लेकिन अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश इसे जासूसी का हथियार बता रहे हैं। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्री फॉर नेशनल डिफेंस (SASTIND) ने छोटे उपग्रहों की लांचिंग की योजना बनाई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन सैटेलाइट की मदद से चीन पृथ्वी के अधिकांश हिस्से पर निगरानी रखने में सक्षम होगा। हालांकि चीनी सरकार ऊपरी तौर पर इसके पीछे इंटरनेट सुविधाओं को मजबूत करने का मकसद बता रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नेटवर्क क्या कवर करेगा और यह कैसे काम करेगा, इसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। वैसे इसका शुरुआती उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 5त्र नेटवर्क सेवाओं को मजबूत करना है।

कहीं मकसद जासूसी तो नहीं

क्या है चीन की योजना मेगाकॉन्स्टेलेशन

चीन की योजना के अनुसार, 12992 उपग्रह स्पेसएक्स-स्टारलिंक कंपनी के उपग्रहों की तरह पृथ्वी की निचली कक्षा में परिक्रमा करेंगे। इसे च्मेगाकॉन्स्टेलेशनज नाम दिया गया है। इनकी रेंज पृथ्वी की सतह से 498.89 किलोमीटर से 1144.24 किलोमीटर के बीच होगी। डेली मेल की रिपोर्ट में दावा किया गया है।

धोलाखेड़ा गांव में धेला का काम नहीं हुआ

लाखों रुपए की लागत से बना मुक्तिधाम भी जर्जर

जबलपुर, यशभारत। ग्राम पंचायत विकास के लिए तमाम योजनाएं चल रही है, लाखों नहीं करोड़ों रूपए सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं। परंतु पंचायत और उनके गांव की स्थिति आज भी पुराने ढर्रे पर ही है। शहपुरा जनपद के अंतर्गत आने वाले धोलाखेड़ा गांव में शासन की योजनाएं बहुत आई परंतु काम धेला का नहीं हुआ। बीते कुछ समय पहले मुक्तिधाम बनाया गया था लेकिन वह भी जर्जर हो चुका है। हैरानी इस बात पर है कि मुक्तिधाम जर्जर हो चुका है इसकी जानकारी सरपंच-सचिव से लेकर जनपद के अधिकारियों को है परंतु किसी ने भी अपनी नजरें इस तरफ इनायत नहीं की।

घटिया तरीके से कराया गया निर्माण कार्य

प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है, एवं इन योजनाओं के माध्यम से लाखों रुपए स्वीकृत कर रही जिससे ग्राम पंचायतों का विकास हो सके, लेकिन उन्हीं ग्राम पंचायतों

के कर्ता-धर्ताओं द्वारा पैसे हड़पने के चक्कर में विकास के नाम पर घटिया निर्माण करा रहे हैं। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा मामला ग्राम पंचायत जनपद पंचायत शाहपुरा ग्राम पंचायत धरती कछार में जुड़ा हुआ गांव धोला खेड़ा में देखने को मिला है जहां

पंचायत द्वारा कुछ महीनों पहले मुक्तिधाम का निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन पंचायत ने निर्माण काम इतना घटिया तरीके से कराया गया कि आज मुक्तिधाम पूरी तरह से जर्जर हो गया जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत में एक भी काम गुणत्तायुक्त नहीं हुआ, जांच होना चाहिए

ग्रामीणों का कहना है कि, पंचायत द्वारा लाखों रुपए की लागत से जिस श्मशान घाट का निर्माण कराया गया है वह इतना घटिया है कि उसमें न तो सीमेंट और न ही रेत का इस्तेमाल किया गया है। जिस कारण मुक्तिधाम का चबुतरा टूट गया कुछ दिन में टीनशेड भी उड़ जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इन पांच सालों में पंचायत ने जितने भी निर्माण कार्य कराए वह बहुत ही घटिया तरीके से कराए गए गए हैं उन सभी की जांच होना चाहिए। श्मशान घाट हो या फिर गांव में बने शौचालय, या आवास सभी सरपंच और सचिव की मनमानी के चलते बने हैं और इनका निर्माण इतना घटिया है कि लोगों को इनका लाभ तक नहीं मिल पा रहा है। मुक्तिधाम निर्माण सामग्री इतनी घटिया निकली की निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ दिनों बाद ही इस मुक्तिधाम जर्जर हो गया।

निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपते नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह व व्यापारी

3 सूत्रीय मांगों को लेकर निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू के मार्गदर्शन में एवं नरसिंह वार्ड कि पूर्व पार्षद पूजा कल्लू रजक के नेतृत्व में मदन महल व्यापारी संघ ने 3 सूत्री मांगों का ज्ञापन जबलपुर के नगर निगम आयुक्त को सौंपा गया।1. ज्ञापन में मदन महल चौक से गंगासागर सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए पूर्व में स्वीकृत निविदा जिसमें 74 लाख में सड़क का निर्माण किया जाना था परन्तु ठेकेदार की मृत्यु होने के कारण निरस्त हो गया था, पुन: चौड़ीकरण के साथ उसकी राशि बढ़ाकर 2 करोड़ का नया टेंडर करके काम शुरू कराने की मांग की । 2. मदन महल चौक से मामा चाय के बाजू में बनने वाले नाले के निर्माण को भी शीघ्र शुरू कराए जाए ! उक्त नाले का वर्क ऑर्डर पहले ही हो चुका है , बावजूद आज तक कार्य शुरू नहीं किया गया है इससे क्षेत्र में जल प्लावन की स्थिति निर्मित हो सकती है। 3. मदन महल से दमोह नाका की तरफ बनने वाले फ्लाईओवर के नीचे की सड़कों की जर्जर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल चलने योग्य बनाने की मांग की गई है। अनियोजित एवं टेंडर प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुये फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आम जनता एवं व्यापारियों को आवागमन में अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । निवेदन के साथ चेतावनी भी दी गई की यदि उक्त मांगो के जल्द पूरा नहीं होने की स्थिति में कांग्रेस शहर में आंदोलन करेगी। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू , पूर्व पार्षद पूजा कल्लू रजक मदन महल व्यापारी संघ के प्रिंस सलूजा, सुनील जैन, सुशील जैन, रंजीत सिंह, अनंत आखरे, राजेश साहू, ईश्वरदास बुध्वानी, सुधीर राजपूत, प्रहलाद जगवानी, राजेन्द्र रजक कल्लू सुमित्रा गोटिया, अंकित रैकवार, कमलेश सैनी, मोहन साहू आदि क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

आवारा श्वानों को पकड़ने में जुटा नगर निगम का अमला

जबलपुर, । नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहर में आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई तेज कर दी है। शहर में ऐसे इलाकों को चिंहित किया जा रहा है, जहां आवारा कुत्तों की संख्या ज्यादा है। पिछले तीन दिनों में हुई कार्रवाई के दौरान 50 से ज्यादा आवारा कुत्तों को पकड़कर डाग हाउस पहुंचाया गया। इन दिनों निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देश के बाद हरकत में आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए टीम बनाई है। इसमें निगम प्रशासन वेटरनरी अनुभवियों की भी मदद ले रहा है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर के अलग अलग विभिन्न में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई कर रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आवारा श्वानों को पकड़कर कठौंदा स्थित डॉग हाउस पहुंचाया गया। इस कार्रवाई से निश्चित रूप से नागरिकों को

राहत मिलेगी। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि जबलपुर में पिछले कुछ दिनों से आम नागरिकों की आवारा कुत्तों से परेशान होने की शिकायतें थी, जिसके बाद इन्हें पकड़ने के लिए इन दिनों लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आवारा कुत्तों की शिकायत मिलने के बाद नगर निगम की टीम सभी संभाग में पहुंचकर इन्हें पकड़ रही है। इन दिनों खासतौर पर धनवंतरी नगर, धनी की कुटिया अधारताल, गुरुद्वारा अधारताल, मानसरोवर कॉलोनी अधारताल, कुरेशी कंपाउंड अधारताल, पंजाब बैंक कॉलोनी, दमोह नाका बंधाया मोहल्ला, न्यू ग्रीन सिटी, शिवाजी नगर ग्रीन सिटी, रसल चौक, सिविल लाइन पचपेढ़ी, सिविल लाइन आरटीओ ऑफिस, रांझी बड़ा पत्थर, हाई कोर्ट, कंट्रोल रूम ऑफिस घंटाघर, कलेक्ट्रेट परिसर, राइट टाउन स्टेडियम, मानस भवन आदि स्थानों के आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। इस दौरान 31 आवारा कुत्तों का बधियाकरण भी किया गया।

पश्चिम मध्य रेल में मण्डलों पर आरआरबी कैंप का गठन किया

जबलपुर यश भारत। रेलवे भर्ती बोर्ड आरआरबी द्वारा 14-15 जनवरी 2022 को जारी गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (एनटीपीसी) के केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सीईएन 01/ 2019 के प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के परिणामों के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा उठाई गई चिंताओं और शंकाओं पर विचार करने के एक उच्च अधिकार समिति का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल में मुख्यालय, तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में भी आरआरबी कैंप का गठन किया गया है। इस आरआरबी कैंप में दिनाँक 27.01.2021 से 16.02.2022 तक रेलवे परीक्षा एनटीपीसी सीबीटी-1 के परिणाम को लेकर उम्मीदवारों की उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु अपनी शिकायत को रख सकते हैं। उम्मीदवार अपनी चिंताओं और सुझाव को ईमेल आईडी पर भी भेज सकते हैं। इस आरआरबी कैंप की विस्तृत जानकारी निम्न है। उम्मीदवार अपनी चिंताओं और सुझावों को निम्नलिखित ईमेल आईडी पर समिति को भेज सकते हैं। 1. मुख्यालय/जबलपुर - रेलवे रिक्रूटमेंट सेल, पश्चिम मध्य रेल, आरबी-ढ्ढङ्क, 290, स्टेशन रोड, साऊथ सिविल लाइन, जबलपुर। 2) *जवलपुर मण्डल- पश्चिम मध्य रेल हाई स्कूल, लोको तलैया, सिविल लाइन, जबलपुर।

जीआईएफ में कर्मियों के भुगतान महीनों से रुके

जबलपुर यशभारत। यंत्र इंडिया लिमिटेड के तहत आने वाली जीआईएफ मे विभिन्न प्रकार के भुगतान जिसमें इलाज में खर्च की गई राशि छुट्टियों का पैसा और अन्य देयकों का भुगतान करने में जीआईएफ प्रबंधन की कोई रुचि न होने से महिनों से अटके प? हैं।इसके लिए आम कर्मचारी नेताओं से गुहार लगा रहे हैं कि उनके रुके बिल अधिकारियों से बोल कर पास करा दें ताकि उनकी आर्थिक परेशानी दूर हो सके।लेकिन ऐसा लगता है कि नेता गण के प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं।दरअसल निगम बनने के बाद रक्षा लेखा विभाग का नियंत्रण नहीं रहा।निगम ने अपना लेखाजोखा करने के लिए अपना वित्त विभाग स्थापित कर लिया है।निगम के तहत आने वाली निर्माणियां अब अपना लेखा जोखा स्वयं रखती हैं।लेकिन निर्माणियों का प्रबंधन किस खर्च को प्राथमिकता दे इसके लिए वह अपने मुख्यालय की ओर ताकता है।सबसे बड़ी और खास बात यह है कि ठेकेदारों के बिल फटाफट पास हो रहे हैं और जेम यानी गवर्नमेंट ई मार्केटिंग के भुगतान भी समय पर हो रहे हैं।

ठेकेदारों और ई मार्केटिंग के भुगतान फटाफट हो रहे

ले दे कर कर्मचारी शेष बचता है जिसके सभी प्रकार के भुगतानों को रोक दिया गया है।हाल यह है कि कर्मचारी जो बीमार होने पर अनुमानित इलाज का90फीसदी पैसा पाने का हकदार है उसे मात्र दस हजार रुपये ही दिये जा रहे हैं।जबकि नियमानुसार वह90फीसदी पैसा पाने का हक दार है।जबकि कोरोना जैसी बीमारी मे कर्मचारियों ने कर्ज लेकर लाखों रुपए खर्च कर दिये हैं।इतना ही नहीं छुट्टी लेने पर भी उसका पैसा वेतन में नहीं लग रहा है।कर्मचारी यही कह रहे हैं कि निगमीकरण हुए कुल तीन महीने ही हुए हैं लेकिन निगमों ने कर्मचारियों के आर्थिक सामाजिक कल्याण की गतिविधियों को पूरी तरह खत्म कर दिया है।जबकि अभी वे प्रतिनियुक्ति पर सरकारी कर्मचारी ही है जिन्हें नियमानुसार इलाज के पैसे औरअन्य भुगतान समय पर होना चाहिए।लेकिन वे सब रोक दिये गए हैं यहां तक कि उनकी भविष्य निधि कटौती भी अधर मे लटकी है।

नगर की राइफल शूटर श्रेया अग्रवाल का ISSF वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में चयन !

जबलपुर। नगर की राइफल शूटर श्रेया अग्रवाल का चयन कायरो इजिप्ट,में 25 फरवरी से 8 मार्च 2022 तक होने वाली वर्ल्ड कप शूटिंग चैंपियनशिप में चयन हो गया है ।वहाँ वे 10 मीटर एयर राइफल वीमेन केटेगरी में भाग लेगी। ज्ञात हो की श्रेया ने हाल ही में संपन्न हुई नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 पदक जीते एवं इंडियन टीम सिलेक्शन ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए नई दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह रेंज में 9 से 24 फरवरी 2022 तक शूटिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रेया भाग लेंगी एवं आने वाले वर्ल्ड कप की तैयारी करेंगी। ज्ञात हो की श्रेया ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 20 मेडल जीत कर देश का नाम रोशन किया हैं । श्रेया गन फॉर ग्लोरी अकादमी के कोच श्री निशांत नथवानी के मार्गदर्शन में 6 वर्षों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है ।

राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता जबलपुर टीम बनी चैंपियन

जबलपुर। विक्रमादित्य महाविद्यालय के तत्वावधान में रानीताल खेल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता के फ में जबलपुर ने इंदौर को 50-29 अंक से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मैचों में इंदौर ने छिंदवाड़ा को 53-27 और जबलपुर ने रीवा को 50-27 अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। समापन समारोह की मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉडी मधु यादव ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता डॉ. अमित साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में साई प्रशासक कुलदीप सिंह बरार, डॉ. विशाल बन्ने, डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ. जे डी यादव मंचासीन रहे। इस अवसर पर संगठन सचिव डॉ. रमेश शुक्ला, सुदर्शन ठाकुर, हरीश दुबे, जुगल किशोर आदि उपस्थित रहे। संचालन शानू यादव व आभार प्रदर्शन दिनेश सोनकर ने किया।

आत्म निर्भर योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

जबलपुर। ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कटंगा, जबलपुर में प्रधान मंत्री महिला आत्म निर्भर योजना के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को वेजेटेवल नर्सरी मैनेजमेंट एवं काल्वीपेशन विषय पर आसपास के ग्राम बग्गी नगर, बिजौरा, नया नगर तरंगवी, कुण्ड की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया । इस अवसर पर प्रशिक्षक रजनीश दुबे कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा कृषि, खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण को सफल बनाने में ग्रामीण आजीविका मिशन जबलपुर की जिला परियोजना प्रबंधक श्वेता महतो एवं स्पेश अग्रवाल, स्किल मैनेजर का विशेष योगदान । जगीष तिवारी डायेरक्टर, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर एवं उनकी रोम के सराहनीय प्रयास से प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर संजय नेमा पुरुस्कृत

जबलपुर । भारत निर्वाचन प्रोग स्थापना दिवस 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर मानस भवन जबलपुर में आयोजित समारोह में संजय नेमा पंचायत समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत जबलपुर को निर्वाचन संबंधी प्रदत्त कार्य में विशिष्ट योगदान के सम्मानस्वरूप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर जबलपुर कर्मवीर शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया ।

शहीदों की स्मृति में कल रखा जाएगा मौन

जबलपुर । भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात- 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टर को निर्देश जारी किए हैं कि 30 जनवरी को प्रात- 11 बजे शहीदों की स्मृति में 2 मिनिट का मौन रखा जाए।

कोरोना के बढ़ते संक्रमण से बचें

समस्त लोक सेवकों को लगाया जाये बूस्टर डोज

जबलपुर । म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ न बताया कि कोविड - 19 संक्रमण को देखते हुए एवं संक्रमण के नये वेरीएंट ओमिकान से बचाव के लिए जिले के शिक्षा विभाग , पीडब्ल्यूडी , कृषि , पीएचई , निगम मंडलों , बैंक आदि समस्त विभागों में कर्मचारियों को कोविड -19 टीके की बूस्टर डोज लगाई जाये , क्योंकि लोक सेवक प्रतिदिन शासकीय कार्य कर रहे हैं व जनता से सीधा संपर्क होता है और उन्हें फील्ड में भी जाकर कार्य करना पडता है । लोक सेवकों में बढ़ते संक्रमण के कारण भयव्याप्त है क्योंकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से कर रहे हैं और जनता से सीधा जुडाव होने के कारण संक्रमण का खतरा अत्यधिक मंडरा रहा है । लोक सेवक शासन एवं जनसमुदाय के हितार्थ हेतु प्रतिदिन संमर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं ऐसे में लोक सेवक एवं उसके परिवार को बढते संक्रमण से बचाव हेतु कोविड -19 का बूस्टर डोज देना अति आवश्यक हो गया । . संघ के अर्वेन्द्र राजपूत , अटल उपाध्याय , आलोक अग्निहोत्री , मुकेश सिंह , मंसूर बेग , ब्रजेश मिश्रा , दुर्गेश पाण्डेय , आशुतोष तिवारी , सुरेन्द्र जैन मुन्नालाल पटेल , मनोज सिंह , वीरेन्द्र चंदेल , एस पी बाथरे , परशुराम तिवारी , तुषरेन्द्र सिंह सेंगर , नीरज कौरव , निशांक तिवारी , शैलेन्द्र दुबे , संदीप चौबे , दिलराज झारिया , जवाहर लोधी , सतीश देशमुख , रमेश काम्बले , श्याम नारायण तिवारी , नितिन शर्मा , संतोष तिवारी , प्रियांशु शुक्ला , मो तारिक , धीरेन्द्र सोनी आदि ने कलेक्टर जबलपुर मांग की है कि समस्त लोक सेवकों को कोविड -19 बूस्टर डोज प्राथमिकता से लगाया जाये , जिससे लोक सेवक एवं उनका परिवार कोरोना के बढ़ते संक्रमण से बच सकें ।

सरकार करे कर्मचारियों का प्रमोशन ।

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जबलपुर संरक्षक योगेन्द्र दुबे,जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने प्रमोशन के संबंध में फैसला सुना दिया है अब सरकार को सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की पदिन्नतियों के आदेश जारी करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आज लंबे समय से लंबित सरकारी नौकरी में प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे पर आज अपना फैसला सुना दिया है। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे,जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय (मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस) के विश्वदीप पटैरिया,(आई टी आई तकनीकी कर्म.संघ) प्रशांत सोधिया, (म प्र राज्य कर्मचारी संघ)नरेश शुक्ला, (मध्यप्रदेश कर्मचारी कॉंग्रेस) संतोष मिश्रा,(म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ)दुर्गेश पांडेय (म. प्र.स्वास्थ कर्मचारी संघ) संजय गुजराल (अजाक्स) योगेश चौधरी, (मध्यप्रदेश लिपिक कर्मचारी संघ) मुकेश चतुवेर्दी, (म.प्र.लघुवेतनकर्मसंघ रविदहायत,अजय दुबे(म. प्र.डिप्लोमा ई एसोसिएशन)देव दोनेरिया (सपाकस)प्रदीप पटैल (मप्र ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ) एस के बांदिल (म.प्र. समयपाल महासंघ) मुकेश मरकाम,(मध्यप्रदेश वाहन चालक तक. संघ) धीरेन्द्र सिंह ,संतोष गौतम, योगेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र सेन,सतीश उपाध्याय, नेतराम झारिया, दालचंद पासी,चंदू जाऊ लकर, अर्जुन सोमवंसी,सतीस उपाध्याय, गोविंद विल्थरे ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करने के पश्चात राज्य शासन द्वारा शीघ्र प्रमोशन के आदेश जारी कर कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराए जाने की माँग की है।

एसडीएम सिहोरा ने बेटियों को दिलाया हक

जबलपुर। एसडीएम सिहोरा ने फौती नामांतरण के एक मामले में पहली पेशी में ही तहसीलदार न्यायालय के आदेश को पलटकर दो सगी बहनों को स्वर्गीय पिता की भूमि पर उनका हक दिलाकर नजीर पेश की है। प्रकरण के बारे में एसडीएम सिहोरा आशीष पाण्डे ने जानकारी देते हुये बताया कि सोनेलाल की मृत्यु हो गई थी। उसके पुत्र गुड्डु ने धोखा देकर और अपने आप को स्वर्गीय सोनेलाल का एक मात्र वारिस बताकर ग्राम कछपुरा स्थित खसरा नम्बर 501/1 की 0.29 हेक्टेयर भूमि अकेले अपने नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा ली थी। श्री पाण्डे ने बताया कि नामांतरण अधिकारी तहसीलदार न्यायालय के गुड्डु का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने के आदेश से व्यथित होकर स्व. सोनेलाल की पुत्रियों श्रीमती रामबाई एवं पूनाबाई ने उनके न्यायालय में अपील की। श्री पाण्डे ने बताया कि प्रकरण में दोनों पक्षों को बुलाकर उन्हे सुनवाई को मौका दिया गया। सुनवाई के दौरान पाया गया कि तहसीलदार न्यायालय द्वारा फौती उठाने का विवादित आदेश पारित करने के पूर्व दोनों बहनों को उनका पक्ष जानने लिखित सूचना दिया जाना चाहिये थी जो नहीं दी गई। इस वजह से वे न्याय पाने से वंचित रह गईं।

आजादी के अमृत महोत्सव पर उमाघाट में गूंजा वंदेमातरम

भारत माता की महाआरती तिरंगा चुनरी समर्पण

जबलपुर। माँ नर्मदा महाआरती समिति के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस पर उमा घाट पर आजादी के अमृतमहोत्सव की मंगलमय बेला में महाकौशल विश्व संवाद केंद्र के कार्याध्यक्ष, राष्ट्रीय विचारक प्रशांत पोल के मुख्य आतिथ्य में 75 नाव में राष्ट्रीय ध्वज सहित नर्मदा जी में नावों से 75 का अंक लिख, ध्वज वन्दन, राष्ट्रगान, भारत माता की महाआरती और तिरंगा चुनरी समर्पण कर कोरोना से मुक्ति और राष्ट्र के यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी की प्रार्थना की गई। इस मौके पर महाआरती के संस्थापक संयोजक ओंकार दुबे, तेजस्वनि दुबे, साध्वी शिरोमणि, , प्रकाश शर्मा, पुष्कल चौधरी, डॉ निशा दुबे, दीपिका पाली, मंजू पटेल, आशा शर्मा, सपना श्रीवास्तव, सीमा सिंह,रजनी अहलूवालिया, तृप्ति भल्ला, मंजू ब्यौहार समेत बड़ी संख्या लोग गौरवानुभूति पलों के साक्षी बने।

एसपी ने किया घमापुर पुलिस थाने का औचक निरीक्षण,दी नसीहत

जबलपुर, ।शुक्रवार देर रात घमापुर थाने के औचक निरीक्षण पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक न कहा कि रात्रि गस्त के दौरान चीता व पेट्रोलिंग मोबाइलें दो व चार पहिया वाहनों से आवागमन करने वाले कम से कम 10-10 संदिग्धों का संपूर्ण ब्यौरा प्राप्त करें।

अपने मोबाइल पर संदिग्धों व उनके आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान पत्र की फोटो खींचते हुए उनके मोबाइल नंबर भी दर्ज किए जाएं। दरअसल, पड़ोसी जिलों में इस तरह के अभियान के दौरान संपत्ती संबंधी अपराधों में लिप्त कुछ आरोपितों को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सक्रिय मोबाइल नंबरों का गस्त के दौरान चिंहित संदिग्धों के मोबाइल नंबर से मिलान किया जिससे आरोपित पकड़े जा सके। घमापुर थाने पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने हवालात की सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस के कामकाज से अपराधी तत्वों में भय बना रहे तथा आम नागरिक राहत महसूस करें। महिलाओं, बच्चों, वृद्धजन एवं समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रकरणों में पीड़ित को तत्काल राहत राशि दिलाई जाए। पुलिस अधीक्षक बहुगुणा ने सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। सड़क हादसे से संबंधित प्रकरणों का डाटा 'आई रेड एप' यानि इंटीग्रेटेड रोड एक्सिडेंट डाटबेस में समय से अपलोड करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी समेत जवानों से कहा कि चाकूबाजी की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम की जाए। चाकूबाजी, मोबाइल व चेन स्नेचिंग की घटनाओं वाले क्षेत्रों को चिंहित कर वहां प्रभावी पेट्रोलिंग की जाए। शाम की गणना के उपरांत ऐसे क्षेत्रों पुलिस की भौतिक मौजूदगी से अपराधी तत्वों के हौसते पस्त होंगे। पुलिस अधीक्षक ने थाने में आगंतुकों के लिए पेयजल व्यवस्था तथा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के उपायों का जायजा लिया।

खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित प्रशिक्षण हेतु 4 तक आवेदन आमंत्रित

जबलपुर, । खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित व्यवसायिक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सेडमैप द्वारा तीन सप्ताह का उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए 4 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऐसे सभी लोग भाग ले सकते है, जो खाद्य एवं कृषि पर आधारित उद्योग लगाना चाहते है, अतः इस क्षेत्र में उद्योग लगाने के इच्छुक संभावित उद्यमियों से अपील की जाती है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु शीघ्र ही सेडमैप कार्यालय उद्योग भवन, कटंगा में आकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकतम 30 प्रतिभागियों का ही पंजीयन किया जावेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्थानीय संसाधनों पर आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं मशीनरी उपकरण एवं कच्चा माल के साथ पूंजी निवेश की जानकारी दी जावेगी एवं परियोजना चयन प्रक्रिया, स्थापना प्रक्रिया, लायसेंस एवं पंजीयन प्रक्रिया, वित्तीय प्रबंधन, बाजार प्रबंधन, उत्पादन प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, कर अधिनियम, खाताबही प्रबंधन और खाद व प्रसंस्करण उद्योगों हेतु कानूनी प्रक्रियाएं, आयात-निर्यात के नियम एवं बाजार संभावनाओं के विशय में प्रशिक्षित किया जावेगा।

विकास की रफ्तार तेज करने वाला हो बजट: डॉ. विश्वकर्मा

जबलपुर। विकास की रफ्तार तेज करने और रोजगार पैदा करने वाला हो बजट 2022-23 उक्त विचार इंडियन इकॉनोमिक एसोसिएशन के द्वारा ऑनलाईन संभावित बजट पर चर्चा को संबोधित करते हुए ई.सी. सदस्य एवं मध्यप्रदेश प्रभारी प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र विश्वकर्मा ने व्यक्त करते हुए कहा की आत्मनिर्भर और आर्थिक विकास को मजबूत करने वाला हो इस वर्ष का बजट। आई.ई.ए. के महासचिव प्रो. बी.पी. चन्द्रमोहन ने विदेशी निवेश एवं आर्थिक विकास के लिए नये-नये उद्योग लगने पर बजट में जोर देना चाहिए कहा। भोपाल से प्रो. शरद तिवारी ने एम.एस.एम.ई., सप्लाई चेन्ज को सहयोग करने वाला हो बजट। उज्जैन से डॉ. नीता तपन ने महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के काशल विकास पर बजट में जोर देने की बात की। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से डॉ. के.एस. पटैल ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एम.एस.पी. एवं जैविक खेती पर चर्चा की। अमरकंटक विश्वविद्यालय से डॉ. विनोद सेन ने उच्च शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षा पर बजट में वृद्धि करना होगा। जबलपुर से डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने नये उद्योग को 5 वर्षो तक टैक्स में छूट देना होगा। बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय से डॉ. सी.एल. प्रजापति ने मेडिकल इंशुरेन्स में छूट, स्वास्थय केन्द्रों की वृद्धि में जोर दिया। सागर विश्वविद्यालय से डॉ. उत्सव आनंद ने कहा यह वर्ष टैक्स वृद्धि करना उचित नहीं होगा, छोटे उद्योग को विशेष सहयोग हो बजट में। ऑनलाईन संभावित बजट पर चर्चा हुई जिसमें 195 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सड़क हादसे में गढ़ा के दो की मौत, दो घायल

अर्थी विसर्जन के लिए प्रयागराज जा रही कार हाइवा से टकराई , मैहर में हो रहा पीएम

जबलपुर । सतना जिले के मैहर थाना अंतर्गत देरशाम एक आल्टो कार केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के पास हाइवा से टकरा गई जिसमे दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। सभी लोग जबलपुर के गढ़ा से अर्थी विसर्जन के लिए प्रयागराज जा रहे थे। पुलिस ने मृतकों के स्वजनों को सूचित कर दिया जिसके बाद देर रात स्वजन मैहर पहुंच गए थे। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को शव सुपुर्द किया जाएगा। बताया जा रहा है कि कार सवार जब जबलपुर से प्रयागराज जा रहे थे। तभी मैहर में केजेएस मोड़ के पास गलत साइड से आ रहे हाइवा ट्रक से आल्टो कार टकरा गई। जिससे मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद ही सूचना पाकर मैहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और घायलों को मैंहर स्थानीय लोगों की मदद से मैंहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में एक व्यक्ति का अभी भी इलाज जारी है। मृतकों में 30 वर्षीय अमन तिवारी पिता सुदेश तिवारी, 30 वर्षीय सचिन उर्फ सचेन्द्र गर्ग पिता राजाराम गर्ग, 22 वर्षीय अक्षय तिवारी पिता स्वदेश तिवारी शामिल हैं जबकि 45 वर्षीय राजेश पिता सुखदेव तिवारी घायल है। सभी गढ़ा जबलपुर के निवासी हैं।

देसी मदिरा का जखीरा जप्त

एक शराब तस्कर को दबोचा, तीन फरार

जबलपुर यश भारत। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत टैगोर नगर में क्राइम ब्रांच पुलिस ने देसी मदिरा का जखीरा जप्त किया है शराब तस्कर बैतूल से स्विफ्ट कार में मदिरा को लोड कर जबलपुर ला रहे थे तभी पुलिस ने एक आरोपी को दबोच लिया वही गैंग के तीन आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि बैतूल से शराब की बड़ी खेप जबलपुर लाई जा रही है जिसके बाद घेराबंदी करते हुए टैगोर नगर में स्विफ्ट डिजायर क्रमांक एमपी 20 सीजी 3241 को रोका गया। जानकारी अनुसार दबोचा गया एक आरोपी अनिकेत सिंह संत नगर ग्वारीघाट का निवासी है वही पुलिस की घेराबंदी से भागे आरोपी स्वराज यादव उसका साथी आदर्श तिवारी वा नवल पटेल मौके से फरार हो गए कुल पकड़ी गई 27 पेटी देसी शराब जप्त कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में उप निरीक्षक रितु उपाध्याय व क्राइम ब्रांच के एएसआई धीरेंद्र प्रताप सिंह वा प्रधान आरक्षक बाल गोविंद प्रधान आरक्षक सादिक अली सहित आरक्षक नीरज तिवारी ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

कोरोना के 590 नए संक्रमित मरीज मिले

जबलपुर । अब जिले में कोरोना सक्रमण की दर घटने लगी है। पिछले तीन दिनों से कोरोना मरीजों की संख्या में कमी आना शुरू हुई है। शुक्रवार को 5205 सेम्पल रिपोर्ट में 590 नए संक्रमित मरीज सामने आए वहीं स्वस्थ्य होने पर 726 मरीजों को डिस्चार्च किया गया।

बीते तीन चार दिनों में जिस गति से संक्रमितों की संख्या घटी है, उससे जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले ने राहत की सांस ली है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है संकट अभी टला नहीं है, तीसरी लहर के खिलाफ अभी लंबी लड़ाई लड़ी जाना बाकी है, जिस तरह से बाजारों में भीड़ है, सामाजिक राजनीतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन हो रहा है. यदि उस पर लगाम नहीं लगी तो स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर चली जाएगी।

ग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. रत्नेश कुरारिया ने कहा कि कोरोना संक्रमण से राहत मिल रही है। मास्क व शारीरिक दूरी के निर्देशों का पालन कर नागरिक कोरोना की तीसरी लहर को हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मास्क शारीरिक दूरी के निर्देशों का पालन करने में अब भी लापरवाही जारी है। तमाम लोग बेवजह भीड़ का हिस्सा बन रहे हैं।

आज भी टीकाकरण

कोरोना के संक्रमण दर की रफ्तार कम होने के साथ स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण पर और जोर दिया है। शुक्रवार को करीब साढ़े तीन हजार लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। टीकाकरण अभियान शनिवार को भी जारी रहेगा। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों समेत 39 केंद्रों में टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचने में असमर्थ हितग्राहियों के लिए मोबाइल टीमें लगाई जा रही हैं। टीकाकरण के लिए सबसे ज्यादा जोर 15 से 18 वर्ष के किशोरों पर दिया जा रहा हैं

श्रीमती रामबाई नामदेव का निधन

जबलपुर ।पुरानी पी पी कालोनी ग्वारीघाट निवासी स्व.सुंदर लाल नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई का आज सुबह4बजे 98वर्ष की आयु में निधन हो गया ।अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्ति धाम में किया गया।वे हरिशंकर कैलाश नामदेव(सुहाने न्यूज) ओमप्रकाश और प्रमोद नामदेव की मां

आम आदमी पार्टी कार्यालय का शुभारंभ

जबलपुर। गणतंत्र दिवस पर आम आदमी पार्टी के एक और कार्यालय का शुभारंभ विजय नगर में प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा किया गया। प्रदेश संगठन सचिव आशीष सिंगरहा ने बताया कि आम आदमी पार्टी के बढ़ते कदमों को देखते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी पूरे देश में जनता की पहली पसंद बन चुकी है। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के एक और कार्यालय खोलकर विजय नगर में जनता और कार्यकर्ताओं को समर्पित किया गया। प्रदेश संगठन सचिव और जबलपुर जोन प्रभारी आशीष सिंगरहा जी के कार्यालय जनता की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।इस अवसर पर उपस्थित जबलपुर जिला कार्यकारिणीं एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें उपस्थित जिलाध्यक्ष मनोहर लाल जाटव, लोकसभा प्रभारी मनीष शर्मा, बृजेश चतुर्वेदी, हरीश श्रीवास्तव, देवी सिंह, श्रीमती मंजू कोरी, पंचम झा, ओमबाबू जंगीड़, दुर्गेश सिंगरहा, मनीष दाहिया, सुधीर खरे, मदन शर्मा, कोष्टा जी, बबलू पाल, रोहित बर्मन, अन्नू, अनिल शॉडिल्य, प्रशांत चौकसे, अंकित एवं समस्त जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

राज्य आनंद संस्थान की दीप्ति ठाकुर हुई सम्मानित

जबलपुर। 73 वें गणतंत्र दिवस पर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में म0प्र0संस्कृति संचालनालय भोपाल,जिला प्रशासन जबलपुर व जबलपुर फोटो जर्नलिस्ट पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में मानस भवन में भारत पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें म0प्र0 गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वर नंद जी,नमामि देवी नर्मदे प्रकल्प के प्रदेश संयोजक डॉक्टर जितेंद्र जामदार, विधायक अशोक रोहाणी,विधायक शरद जैन,विधायक लखन घनघोरिया, एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा राज्य आनंद संस्थान,पर्यटन,शिक्षा विभाग की गतिविधियों का समन्वय करने के लिए दीप्ति ठाकुर को मोमेंटो,शॉल,पुष्प गुच्छ देकर (विशिष्ट व्यक्तित्व सम्मान)कार्यक्रम समन्वयक के रूप में सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पत्रकार एसोसिएशन के संजय राठौर,दीपक पटेल,अनिल तिवारी संजीव चौधरी,राजेश मालवीय उपस्थित रहे।

लाला लाजपत राय जी की जयंती मनाई

जबलपुर। शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी लाला लाजपत राय जी की जयंती शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी के बल्देवबाग स्थित कार्यालय में शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी, अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्न एवं पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव, सतीश तिवारी, झल्लेलाल जैन, शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाई गई। शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी,अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में बताया कि लाला लाजपत राय जी के वर्ष 1928 में बलिदान के पश्चात ही आजाद भारत की लड़ाई में तेजी आई। लाला लाजपत राय के बलिदान से प्रेरणा लेकर हजार युवा भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। पूर्व शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिनेश यादव ने लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित पंजाब नेशनल बैंक एवं लक्ष्मी बीमा कंपनी के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जगत बहादुर सिंह अन्नू , दिनेश यादव, सतीश तिवारी, झल्लेलाल जैन, मीनाक्षी स्वामी, मुकेश राठौर, बलवंत सिंह गुर्जर, जगतमणी चतुर्वेदी, डॉ राजेन्द्र पिल्ले, शिवकुमार चौबे, मनोज सेठ, कपिल श्रीवास्तव, संजय अहिरवार, शेखर सोनी, रीता शेखर चौबे, दिनेश तामसेवार, पंकज पटेल, आदेश चौबे, पूनम सोनकर, अनिकेत तिवारी, रमेश बैन, नरेश सोनकर, जितेंद्र यादव, राकेश चक्रवर्ती, विष्णु विनोदिया, राजेन्द्र रजक कल्लू , रीना, पूनम कोरी, सुशीला कनोजिया, देवकी पटेल, पूनम उसरेथे, सुमित्रा गोंटिया,कविता पाठक, रोहित यादव, प्रिंस सलूजा, मान सिंह निक्कू, कमलेश पाठक, मोहन साहू, हरिलाल, अंकित रैकवार आदि उपस्थित रहे।

रेल सुरक्षा बल की आकर्षक परेड एवं देश भक्ति गीतों ने समां बाँधा

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल के तत्वावधान में 73 वें गणतंत्र दिवस समारोह रेलवे स्टेडियम प्रांगण, जबलपुर में उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सोशल डिस्टेंस का विशेष ध्यान रखा गया। सभी उपस्थित लोगों ने मास्क पहना हुआ था। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया एवं सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय गान गाया गया। तत्पश्चात रेलवे सुरक्षा बल ने परेड द्वारा महाप्रबंधक को सलामी दी गई।

इस अवसर पर समारोह में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता एवं अन्य सदस्यायें तथा सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ रेल अधिकारी, रेल सुरक्षा बल के जवान, रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत महाप्रबंधक ने अपने संदेश वाचन में कहा कि 73वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मैं, पश्चिम मध्य रेल के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ मुझे यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि गणतंत्र दिवस की 73वीं वर्षगांठ पर हम ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मना रहे हैं, जिसके अंतर्गत वर्ष 2021 में विभिन्न नाटक, कविता पाठ एवं विभिन्न प्रकार के 25 कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।कोविड-19 की कठिन चुनौतियों के बावजूद इस वर्ष पश्चिम मध्य रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यह बड़े हर्ष का विषय है कि रेलवे बोर्ड द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए रेलमंत्री स्तर पर वर्ष 2020-21 के लिए पश्चिम मध्य रेल के इंजीनियरिंग विभाग को रेलमंत्री शील्ड प्रदान की गई है। इस वित्तीय वर्ष में दिसंबर 2021 तक हमारा परिचालन अनुपात 79प्रश रहा है, जो कि गत वर्ष के परिचालन अनुपात 107प्रश से बेहतर है। वर्ष 2021 में पश्चिम मध्य रेल ने गतवर्ष की तुलना में कुल आरंभिक आय में 975 करोड़, संविभाजित आय में 2898 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रकार हमारी कुल आरंभिक आय में 21प्रश तथा संविभाजित आय में 31प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि सराहनीय है। वर्ष 2021 में 45.71 मिलियन टन का लदान किया है जो कि गतवर्ष की तुलना में 8प्रश अधिक है। कोरोना वैश्विक महामारी के कठिन समय में भी हमारे केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर व मंडल चिकित्सालयों में कोविड केयर सेंटर बनाये गये, जिनमें 5410 कोविड मरीजों का उपचार किया गया। कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के लगभग 100 प्रतिशत कर्मचारियों को पहली डोज, 98 प्रतिशत को दूसरी डोज का वेक्सिनेशन हो चुका है एवं बूस्टर डोज लगाया जा रहा है तथा 15 से 18 वर्ष के बच्चों का भी वेक्सिनेशन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेल ने भारतीय रेल में सर्वप्रथम अपने तीनों मंडलों में ऑक्सीजन प्लांटों की स्थापना की है। कोरोना महामारी के खिलाफ अपनी लड़ाई को सशक्त बनाते हुए संपूर्ण देश में ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2021 में पश्चिम मध्य रेल से कुल 70 ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों का परिवहन किया गया।

मंडल कार्यालय में डी आर एम ने किया ध्वजारोहण

जबलपुर यश भारत। गणतंत्र दिवस की 70 वीं वर्षगांठ पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम संजय विश्वास द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर श्री विश्वास ने मंडल में रेलवे द्वारा की गई उपलब्धियों का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया। समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता,श्री अमितोज बल्लभ, महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अशोका विश्वास सहित मंडल के शाखा अधिकारी सर्व श्री विश्वरंजन, अभिराम खरे, राहुल श्रीवास्तव, जेपी सिंह, मनीष पटेल, विराट गुप्ता, संजय मनोरिया, धर्मेंद्र बीके, अरुण त्रिपाठी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी भी करोंना की गाइड लाइन के साथ उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल के स्काउट गाइड तथा सेंड जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्मिक निरीक्षक रविंद्र त्रिपाठी ने किया/

कार्यालय नगर पालिका परिषद गोटेगांव जिला जबलपुर मप्र

E-mail :cmogotegaon@mpurban.gov.in. pin-487118 P.07794-282048

क्र./689/ 2022/गोटेगांव दिनांक 28.1.22

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022(सार्वजनिक सूचना)

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में शासन द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार स्वच्छता के मापदंडों के आधार पर नगर में पाठशाला स्वच्छ स्वास्थ्य सुविधाएं स्वच्छ होटल व रेस्टोरेंट कार्यालय हॉक अर्जुन बाजार की प्रतिस्पर्धा कराकर स्वच्छता रैंकिंग दी जाना है अतः समस्त पाठशाला स्वच्छ स्वास्थ्य सुविधाएं स्वच्छ होटल व रेस्टोरेंट कार्यालय हा कर्जन बाजार के संचालकों से अनुरोध है कि वह नगर पालिका द्वारा स्वच्छ प्रतिष्ठान समीक्षा के तहत स्वच्छता रेटिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर अपने प्रतिष्ठानों में उच्च स्वच्छता मापदंड अपनाकर स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क करें

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गोटेगांव

कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

E-mail :cmojaithari@mpurban.gov.in. ULB code-802420

क्र./102/स्वच्छ सर्वेक्षण 2022/न.परि./2022 जैतहरी दिनांक 22.1.22

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर में स्थित समस्त घरों के सप्टिक टैंक से निकलने वाले अपशिष्ट(फिकल स्लज) को संबंधित व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर डालकर गंदगी फैलाई जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति को रु 1000 अर्थदंड से दंडित किया जावेगा और इस संबंध में उक्त अपशिष्ट मड पंप द्वारा निकालकर नगर की परिधि में स्थित नियत सीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट ट्रेचिंग ग्राउंड लहरपुर में भिजवाए जाने हेतु निकाय में वाहन उपलब्ध है जिस हेतु निकाय द्वारा निर्धारित शुल्क रु 3000 प्रति ऐलार के मान से संबंधित व्यक्ति से राशि वसूल की जावेगी। सेप्टिक टैंक से अपशिष्ट निकलवाने हेतु स्वास्थ्य कंट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 90396 66709 पर संपर्क कर सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा।

नोट- जारी सूचना प्रकाशन दिनांक से यदि कोई व्यक्ति खुले या सार्वजनिक सील पर बहाय या खाली करने की स्थिति में पाया गया तो संबंधित के विरूद्ध नगर पालिका परिषद अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जैतहरी
जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

E-mail :cmojaithari@mpurban.gov.in. ULB code-802420

क्र./101/स्वच्छ सर्वेक्षण 2022/न.परि./2022 जैतहरी दिनांक 22.1.22

सार्वजनिक सूचना

निकाय द्वारा नगर में स्वच्छता को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में निकाय द्वारा विशेष रात्रि कालीन साफ सफाई की जा रही है । आम नागरिकों हेतु स्वच्छ व सुंदर सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है । साथ ही नगर पालिका द्वारा मलेरिया, हैजा एवं डेंगू जैसी बीमारियों को खत्म करने हेतु वार्ड वार कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है । जिसमें ऐसी बीमारियों का प्रभाव कम हुआ है तथा निकाय द्वारा घरों में सेप्टिक टैंक से निकालने वाले मल को खुले में बहाने, खुले में पेशाब करने, खुले में शौच करने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डालकर गंदी करने पर जुर्माना राशि अधिरोपित की गई है। शहर से निकलने वाला सेप्टिक टैंक का मल टीचिंग ग्राउंड पर स्थित फिकल एवं स्लज प्लांट पर ही डाला जाता है। फलस्वरुप नगर में विगत 2 वर्षो से खुले में खुले में मल डालने अथवा मानव श्रम द्वारा मल परिवहन किए जाने संबंधी घटना नहीं हुई है एवं इस प्रकार की अन्य घटनाओं पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है ।निकाय का प्रशंसनीय कार्य है तथा इन समस्त प्रकार के प्रशंसनीय कदमों से बीमारियों पर लगाम लगी है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जैतहरी
जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

संपादकीय

सावधानी के साथ ही बंदिशों में छूट

यह अच्छी बात है कि कई राज्यों में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की तीव्रता कम होने के बाद कई तरह के प्रतिबंधों में ढील दी गई है। कुछ राज्यों में स्कूल खोलने की तैयारी की जा रही है। कोरोना संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य महाराष्ट्र में राजनीतिक विरोध के बावजूद स्कूल खोल दिये गये हैं। हालांकि, दिल्ली में सम-विषम के आधार पर दुकानों की बंदी और सप्ताहांत का कर्फ्यू हटाने के साथ कुछ अन्य छूट दी गई हैं लेकिन स्कूलों को खोलने पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया। दिल्ली सरकार का मानना है कि किशोरों का टीकाकरण हो जाने के बाद स्कूल खोलने का उचित माहौल बन पायेगा। यह अच्छी बात है कि कुछ राज्यों में कोरोना के मामलों में गिरावट के बाद प्रतिबंधों का दायरा सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कूलों को खोलने की प्रक्रिया आरंभ हुई है। दरअसल, विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक कोरोना संकट के चलते स्कूल बंद होने का बच्चों के मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों में प्राकृतिक तौर पर रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। लेकिन बच्चों से अधिक भावनात्मक लगाव के कारण अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतराते हैं। तभी सरकारों ने तय किया है कि विद्यार्थी अभिभावकों की सहमति से स्कूल जा सकेंगे। स्कूलों को भी कोरोना से बचाव के उपायों पर सख्ती बरतने को कहा गया है। कोरोना संक्रमण रोकने को लगी बंदिशों का दायरा घटाने की खबरें ऐसे समय में आ रही हैं जब इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोम कंसोर्शियम के अनुसार, कोविड-19 भारत में कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्थिति में पहुंच गया है, जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके बावजूद ओमीक्रोन के ज्यादा मामले हल्के-बिना लक्षण वाले हैं, जिसमें यह पता लगाना कठिन होता है कि व्यक्ति किसके संपर्क में आने से संक्रमित हुआ।बहरहाल, ऐसी स्थिति में समाज के बीच मौजूद वायरस के संक्रमण की चेन तोड़ना कठिन होता है। यह तेजी से प्रसार करता है। तभी स्वास्थ्य मंत्रालय टेस्टिंग-टीकाकरण के साथ ही टेली कंसल्टेशन पर जोर दे रहा है, ताकि अस्पतालों में ज्यादा भीड़ संक्रमण की वाहक न बने। इसके बावजूद कई राज्यों में बंदिशों में ढील देकर जान के साथ जहान बचाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। दरअसल, पहली कोरोना लहर में सख्त बंदिशों के चलते अर्थव्यवस्था ने तेजी से गोता लगाया और करोड़ों लोग बेरोजगारी की कगार पर जा पहुंचे थे। अब संकट के बीच जीवन जीने को न्यू नॉर्मल बनाने की कोशिश हो रही है। हरियाणा में भी दसवीं से बारहवीं तक के स्कूल एक फरवरी से खोले जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ठंड व कोरोना प्रकोप के चलते स्कूलों को 31 जनवरी के बाद भी 15 फरवरी तक के लिये बंद कर दिया गया है। वहीं उत्तराखंड में नौवीं तक के स्कूल जनवरी के अंत तक बंद रहेंगे। झारखंड में फरवरी से स्कूल खोले जायेंगे। इसके बावजूद सामुदायिक संक्रमण की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। इसके शहरों के बाद ग्रामीण इलाकों में पांव पसारने की आशंका बनी हुई है। लेकिन राहत की बात यह है कि जनवरी के तीसरे सप्ताह में संक्रमण की आर वैल्यू में गिरावट आई है जो अभी डेढ़ के करीब है और उसके एक से कम होने पर महामारी के खत्म होने का संकेत माना जायेगा। वहीं आईआईटी मद्रास के प्रारंभिक विश्लेषण के अनुसार, अगले पखवाड़े में महामारी की तीसरी लहर अपने पीक पर पहुंच सकती है। वहीं इसी बीच केंद्र सरकार ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन को कुछ शर्तों के साथ बाजार में बेचने की अनुमति दे दी है। ये टीके अस्पताल व क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे और 18 वर्ष या उससे अधिक का व्यक्ति कोविन पोर्टल पर जानकारी देकर व पंजीयन करवाकर टीके खरीद सकता है। इसके बावजूद जब देश में संक्रमितों का आंकड़ा प्रतिदिन ढाई लाख से अधिक है और चार सौ जिलों में संक्रमण की दर दस फीसदी से अधिक है तो हर स्तर पर सावधानी जरूरी है। यही वजह है कि केंद्र ने कोरोना प्रतिबंधों को 28 फरवरी तक बढ़ाया है।

विरोधाभासी नीति से कसमसाती खेती

हाल ही में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा परिवर्तित जीन (जीएम) खाद्य सामग्री बाबत जारी नियमन प्रस्ताव देश में जीएम भोजन के आयात की राह खोलने का प्रयास है। देश जब चुनावों और बजट की गहमागहमी में डूबा होगा, तब ये नए नियम लागू हो सकते हैं। एक ओर प्रधानमंत्री देश को प्राकृतिक खेती, जो आत्मनिर्भर जैविक खेती का ही दूसरा नाम है, अपनाने का आह्वान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी ही सरकार अमेरिका जैसे चंद देशों से, जो जीएम फसलों को बढ़ावा देते हैं, जीएम खाद्य सामग्री के आयात का अब तक बंद रास्ता खोल रही है। क्योंकि भारत और अमेरिका समेत पूरी दुनिया में जैविक खेती में जीएम बीजों के प्रयोग की मनाही है, इसलिए सरकार की ये दोमुंही नीति समझ से परे है।

संशोधित जीन खाद्य सामग्री एक असामान्य खाद्य सामग्री है, इसलिए इसके परिणाम घातक हो सकते हैं। इसलिए पूरी दुनिया में ही इसके नियमन की विशिष्ट व्यवस्था बनाई जाती है एवं जैविक खेती में तो इनके प्रयोग का निषेध ही है। इसलिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि इनके दीर्घावधि प्रयोग के प्रभावों के कड़े एवं स्वतंत्र परीक्षणों, तत्पश्चात इन परीक्षणों के पारदर्शी एवं सार्वजनिक मूल्यांकन में सुरक्षित साबित होने के बाद ही संशोधित जीन खाद्य सामग्री के प्रयोग की अनुमति दी जानी चाहिए। यह भी जरूरी है कि अनुमति देने के बाद भी ऐसे खाद्य पदार्थों की सतत निगरानी की जानी चाहिए। उपभोक्ता को यह भी बताना सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जो खाद्य सामग्री वह प्रयोग करने जा रहा है उसमें परिवर्तित जीन से उत्पन्न सामग्री का प्रयोग किया गया है।

दुर्भाग्य से प्रस्तावित विनियमों में उपरोक्त सभी बिन्दुओं की अनदेखी की गई है। प्रस्तावित विनियमों से ही यह स्पष्ट है कि वर्तमान प्रौद्योगिकी 0.01 प्रतिशत (फार्म 1 कालम 8 का उपखंड 8) तक जीएम सामग्री की उपस्थिति को पक? सकती है, परन्तु नियमों में केवल 1 प्रतिशत या अधिक (धारा 7) जीएम सामग्री के उपयोग होने पर ही इस का उल्लेख करना अनिवार्य किया गया है। इसका अर्थ है कि तकनीकी रूप से जिस स्तर तक जीएम सामग्री के प्रयोग की पहचान संभव है, उस से 100 गुना ऐसी सामग्री को नजरंदाज करने की अनुमति देना प्रस्तावित है। इस के अलावा दिक्कत यह है कि अमीर देशों के मुकाबले भारत में अधिकांश खाद्य सामग्री की बिक्री खुले रूप में की जाती है न कि डिब्बा बंद रूप में। इसलिए जीएम सामग्री के उपयोग का उल्लेख करना अनिवार्य होने के बावजूद अधिकांश परिस्थितियों में उपभोक्ता अंधेरे में रह कर जीएम खाद्य सामग्री का प्रयोग करने को अभिशप्त हो जायेंगे।

प्रस्तावित फार्म 2 के कालम 6 से स्पष्ट प्रतीत होता है कि जीएम उत्पाद सम्मिलित खाद्य पदार्थों के सुरक्षा परीक्षण करने के अपने कोई स्वतंत्र मापदंड स्थापित नहीं किये गए हैं। इस बाबत अन्य देशों द्वारा लिए गए निर्णयों को मान लिया जाएगा। भारत में खाद्य पदार्थों की बिक्री एवं उपभोग की परिस्थितियां अमीर देशों से बिलकुल अलग हैं, इसलिए हमें अपने स्वतंत्र परीक्षण मापदंड एवं परीक्षण प्रणाली स्थापित करनी चाहिए।

अब तक भारत में जीएम बीजों का नियमन दो क्रमबद्ध स्तरों पर होता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत आने वाली जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीइएसी) से अनुमति मिलने के बाद ही भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा अनुमति का प्रावधान रहा है (हालांकि इस विषय पर कानूनी विवाद है)। अब जब इन दो क्रमबद्ध स्तरों को समानान्तर व्यवस्था में बदला जा रहा है तो यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जीएम उत्पाद सम्मिलित खाद्य पदार्थों के नियमन की नयी व्यवस्था कम से कम जीईएसी के तहत स्थापित व्यवस्था जितनी कड़ी तो होनी ही चाहिए। बल्कि जीएम उत्पादों के प्रयोग से तैयार खाद्य पदार्थों का नियमन तो जीईएसी की प्रक्रियाओं से भी क?ा होना चाहिए क्योंकि जीईएसी की प्रक्रियाओं में गहरी खामियां पाई गई हैं, जिसके चलते अधिकांश राज्यों ने अपने यहां नए जीएम प्रौद्योगिकी बीजों इत्यादि की अनुमति नहीं दी है।

धारा 4 के उपखंड 9 से स्पष्ट है कि एक बार अनुमति मिलने के बाद जीएम खाद्य सामग्री पर निगरानी का काम खाद्य उद्योग पर ही छोड़ दिया गया है। प्राधिकरण की ओर से अपने स्तर पर इसकी लगातार निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके अलावा निर्णय प्रक्रिया में हितों की टकराहट रोकने की व्यवस्था (जिसमें केवल जीएम के सुरक्षा विशेषज्ञ ही शामिल हों) भी नहीं है।

दुर्भाग्य से अब तक प्रस्तावित नियमन केवल हिन्दी एवं अंग्रेजी में ही उपलब्ध हैं, जिसके चलते देश की बड़ी आबादी इन पर अपनी विवेकपूर्ण राय देने से वंचित है। वैसे भी प्राधिकरण की जिम्मेदारी प्रस्तावित मसविदे को इंटरनेट पर डालने भर से पूरी नहीं हो जाती। प्राधिकरण को इस बाबत जनता को जागरूक करने के सचेत प्रयास करने चाहिए। देश के विभिन्न इलाकों में जन सुनवाई भी आयोजित की जानी चाहिए। इसके बाद ही जीएम खाद्य पदार्थों को अनुमति देने पर निर्णय होना चाहिए।

-राजेन्द्र चौधरी

योगी की उम्मीदवारी को मुद्दा बनाना विपक्ष भाजपा को दबाव में लाने योग्य मुद्दा नहीं ढूंढ सका

सामान्य तौर पर देखा जाए तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर से विधानसभा चुनाव का उम्मीदवार बनाया जाना स्वाभाविक घटना होनी चाहिए। गोरक्ष पीठाधीश्वर के प्रमुख होने के साथ वहां से वे 1998 से 5 बार लगातार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। वह उनका मुख्य कार्यक्षेत्र रहा है। लेकिन विपक्षी दलों ने उसे भी एक बड़ा मुद्दा बना दिया है। पहले सपा के प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके उम्मीदवारी पर प्रश्न उठाया एवं उपहास उड़ाया। उसके बाद से उनकी पूरी पार्टी लगातार यही कर रही है। कांग्रेस के भी कई नेता ऐसे बयान दे रहे हैं मानो गोरखपुर से उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने अपनी हार मान ली हो। प्रश्न है कि वो कहां से लड़ते तो माना जाता कि भाजपा ने सही फैसला किया? यह बात सही है कि उनके अयोध्या से लड़ने की चर्चा थी। कुछ लोगों ने उनके मथुरा से भी उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की। अयोध्या भाजपा और पूरे संघ परिवार के लिए धार्मिक- आध्यात्मिक -सांस्कृतिक पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण प्रतीक है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के माहौल में यह कल्पना थी कि आदित्यनाथ वहां से उम्मीदवार बनेंगे तो उसका संदेश पूरे प्रदेश और देश में जाएगा। मथुरा से उनके उम्मीदवार बनाने की मांग के पीछे यही भाव था कि उस संघर्ष को ताकत मिलेगी एवं इस बात का संदेश जाएगा कि भाजपा प्रखर हिंदुत्व के अपने रास्ते पर कायम है। यह भी सच है कि अभी तक भाजपा की ओर से कभी नहीं कहा गया कि योगी आदित्यनाथ कहां से उम्मीदवार होंगे। गोरखपुर पर जब ऐसी प्रतिक्रिया है तो अयोध्या से उनकी उम्मीदवारी पर कैसी प्रतिक्रियाएं होती इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति पर दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि विरोधी योगी आदित्यनाथ की अयोध्या से उम्मीदवार बनाए जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे क्योंकि उसके बाद की प्रतिक्रियाएं उन्होंने तैयार कर रखी थी। कुछ प्रतिक्रियाएं पहले से आने लगी थी। वास्तव में उन्हें अयोध्या से उम्मीदवार बनाए जाने पर पहली प्रतिक्रिया यही होती कि भाजपा समझ गई है कि वह हारने वाली है इसलिए उसने हिंदुओं के ध्रुवीकरण के लिए योगी आदित्यनाथ को अयोध्या से उम्मीदवार बनाया है। यह अवसर विपक्ष को नहीं मिल पाया।

सही है कि भाजपा के अंदर विमर्श चला था कि योगी आदित्यनाथ को कहां से उम्मीदवार बनाया जाए। चर्चा में अयोध्या भी शामिल था। लेकिन कभी उसका फैसला नहीं हुआ। भाजपा की रणनीति यह है कि वह चुनाव में विजय के प्रति आत्मविश्वास से भरी हुई पार्टी दिखे। वह ऐसा कोई कदम नहीं उठा सकती जिससे लगे कि वह किसी तरह परेशान है या अपने चुनावी भविष्य को लेकर चिंतित है। अयोध्या से उनके उम्मीदवार बनाए जाने का मतदाताओं पर क्या असर होता यह कहना कठिन है लेकिन इसका एक अर्थ निकाला जाता कि वह जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है इसीलिए हिंदुत्व का सबसे बड़ा कार्ड खेला है। ध्यान रखिए, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भी प्रयागराज के सिराथू से उम्मीदवार बनाया गया है जो उनका मुख्य कार्यक्षेत्र रहा है। भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व की संसदीय राजनीति में सामान्यतः बड़े से बड़े नेता अपने मुख्य कार्यक्षेत्र या स्थापित चुनाव क्षेत्र से ही चुनाव लड़ते हैं। इसके अपवाद अवश्य रहे हैं। पर अपवाद और असामान्य स्थिति में ही सामने आया। वैसे भाजपा द्वारा जारी अभी तक के उम्मीदवारों की सूची देखें तो उसमें भी यही लगता है कि पार्टी बिल्कुल सहज सामान्य तरीके से चुनाव में उतर रही है। बहुत ज्यादा विधायकों के टिकट नहीं काटे गए जबकि आम धारणा यही थी कि उसके विधायकों के खिलाफ जनता के अंदर असंतोष है और भारी संख्या में उनके टिकट काटे जाएंगे। तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उम्मीदवारी को पूरे संदर्भों से मिलाकर देखना चाहिए। योगी और मौर्या दोनों के लिए क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मतलब यह हुआ कि उन्हें पूरे प्रदेश में चुनाव अभियान चलाने तथा रणनीति बनाने का पूरा अवसर उपलब्ध है। नई जगह से उनको अपने चुनाव की भी थोड़ी चिंता होती तथा कुछ न कुछ अतिरिक्त समय देना पड़ता। इस नाते भी भाजपा की दृष्टि से यह बिलकुल स्वाभाविक रणनीति है । यह भी न भूलिए कि गोरखपुर का चुनाव अंतिम चरण में है। इस तरह योगी आदित्यनाथ के पास प्रदेश की चुनाव कमान संभालने के लिए पूरा समय है।

इसके दूसरे पहलू भी हैं और यह विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने वाला है। लंबे समय से उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री विधानसभा से निर्वाचित होकर नहीं पहुंचा। योगी आदित्यनाथ और केशव प्रसाद मौर्या को भी विधान परिषद से लाया गया था। वे चुनाव लड़ सकते थे लेकिन पार्टी ने यही निर्णय किया। इसके पहले अखिलेश यादव और मायावती दोनों विधान परिषद से ही निर्वाचित होकर मुख्यमंत्री बने रहे। तो भाजपा ने इससे यह संदेश दिया कि उसके मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों जनता के बीच से निर्वाचित होकर आएंगे। इस कारण विपक्ष के साथ समस्या हो गई कि वो क्या करें? बसपा ने साफ कर दिया है कि मायावती उम्मीदवार नहीं बनेंगी। सपा के अखिलेश यादव और कांग्रेस के प्रियंका वाड्रा के बारे में प्रश्न उठाया जा रहा था कि वो बताएं कि कहां से लड़ेंगे। सपा को आभास हो गया था कि अखिलेश यादव यदि चुनाव नहीं लड़ते तो भाजपा उनके विरुद्ध ज्यादा आक्रामक होगी। योगी की उम्मीदवारी तय होने के बाद अखिलेश यादव को ही मैनपुरी के सरल सीट से उम्मीदवार होने की घोषणा करनी पड़ी। या अभी उनका घरेलू क्षेत्रीय क्योंकि मुलायम सिंह ने पहला विधानसभा चुनाव वहीं से लड़ा था। यह पूरा क्षेत्र मुलायम सिंह यादव और शिवपाल यादव का कार्य क्षेत्र रहा है। कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में ऐसा जनाधार नहीं है जो अब भाजपा को चुनौती दे सके। बावजूद प्रियंका वाड्रा के हाथ में चुनाव की कमान है तो उनसे भी भाजपा पूछेगी? भाजपा इसे मुद्दा बनाएगी इसमें कोई दो राय नहीं। अखिलेश यादव से भाजपा पूछ सकती है कि योगी के गोरखपुर से उम्मीदवार बनाने को आपने मुद्दा बनाया और आप भी तो अपने घर से ही चुनाव लड़ रहे है? उनकी आलोचना क्यों की? यदि वो किसी दूसरे क्षेत्र में जाते तो कहा जाता कि देखो अपने क्षेत्र में पराजय के भय से उन्होंने दूसरा क्षेत्र चुना है। कहने का तात्पर्य कि सपा, कांग्रेस या अन्य विरोधी भले गोरखपुर को लेकर कुछ भी बोले वे खुद इस घेरे आ गए हैं। यदि उन्होंने योगी की उम्मीदवारी को मुद्दा बनाने की गलत रणनीति नहीं अपनाई होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। आप जानबूझकर मुद्दा देंगे तो आपको भी उस के घेरे में आना ही पड़ेगा।

इनसे परे इसका एक अन्य पहलू ज्यादा महत्वपूर्ण व गंभीर है। अभी तक के चुनाव अभियानों का गहराई से विश्लेषण करें तो निष्कर्ष आएगा कि विपक्ष चुनाव को प्रभावित करने की दृष्टि से कोई ऐसा बड़ा मुद्दा नहीं उठा पाया है जिसमें भाजपा घिरती हुई दिखे। गोरखपुर से मुख्यमंत्री के उम्मीदवार बनाए जाने को मुद्दा बनाने का अर्थ ही है कि आपके पास व्यापक सोच व दृष्टि का अभाव है। सच यही है कि विपक्ष अभी तक भाजपा के विरुद्ध केवल सामान्य मुद्दे उठा रहा है। मसलन, आर्थिक विकास नहीं हुआ, काशी उद्धार कर दिया उससे क्या भक्तों का पेट भर जाएगा ,विकास विज्ञापन में है जमीन पर नहीं है ,मुस्लिम विरोधी है, योगी अलोकप्रिय हैं ,उनको जनता घर भेजने वाली है आदि आदि। बसपा ने अपना चेहरा और चरित्र बदलने की कवायद में अपनी आक्रामक छवि को बदला है। लेकिन सपा और कांग्रेस बिल्कुल आक्रामक हैं। उनसे उम्मीद की जा सकती थी कि वो भाजपा के सरकारों एवं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ,उपमुख्यमंत्री आदि की गतिविधियों का गहराई से मूल्यांकन कर ऐसे मुद्दे सामने लाएंगे जिससे भाजपा घिरेगी। ऐसा न करने के कारण वह नरेंद्र मोदी सरकार, प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार एवं भाजपा आरएसएस को लेकर वही सब बातें कर रहे हैं जो लंबे समय से किया जाता रहा है। वो ऐसी सामान्य बातें हैं जो पहले भी बेअसर रही हैं। इनसे जनता का बड़ा वर्ग प्रभावित होकर भाजपा विरोधी हो जाएगा और विपक्ष के समर्थन में मतदान करेगा ऐसी कल्पना नहीं की जा सकती। इसे दुर्भाग्य ही मानना होगा कि अभी तक विपक्ष भाजपा के विरुद्ध उसे दबाव में लाने तथा जनता को प्रभावित करने योग्य मुद्दे नहीं ढूंढ सका।

-अवधेश कुमार

आपका राशिफल 30 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

फिल्म वर्ग पहेली- 5722



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२.'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंद्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंद्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5721

पि	या	का	घ	र		ह	थ	क	ड़ी
ता	रा		रौं		दो	स्ती		न्या	
	ना	खु	दा		बा		अं	दा	ज
ह		श		कुं	द	न		न	
म	ज	बु	र		न	ज	र		म
सा	या		त	ब्बू		रा		डॉ	न
या		आ	न		कि	ना	रा		च
	गै	र		मै	ला		म	वा	ली
प्या		पा	पी			रा	जा		
सा	ग	र		रा	खी		ने	पा	ल

Jagrutidaur.com, Bangalore

137 वर्षों से 32 खंभों पर टिका है ये प्रसिद्ध शक्तिपीठ



दंतेवाड़ा जिले के नक्सली इलाके में घोर जंगल और पहाडों के बीच स्थित ये मंदिर 137 सालों से 32 मोटे खंभों पर टिका है। ऐसा कहा जाता है कि राजा की एक गलती के चलते ये मंदिर बनाया गया। इस मंदिर में सिले हुए वस्त्रों को पहनकर जाने की मनाही है। यहां पुरुषों को धोती या लुंगी लगाकर ही प्रवेश करने दिया जाता है।

इतिहास

कहते हैं यहां देवी सती का दांत गिरा था। इसलिए इन्हें दंतेश्वरी माता कहा गया। राजधानी से करीब 380 किमी दूर दंतेवाडा में शंखिनी और डंकिनी नदियों के संगम पर स्थित इस मंदिर के बनने की कहानी बहुत रोचक है। कहते हैं इस मंदिर का निर्माण महाराजा अन्नमदेव ने चौदहवीं शताब्दी में किया था। वारंगल राज्य के प्रतापी राजा अन्नमदेव ने यहां आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और मां भुवनेश्वरी देवी की स्थापना की। एक दंतकथा के मुताबिक अन्नमदेव जब मुगलों से पराजित होकर जंगल में भटक रहे थे तो कुलदेवी ने उन्हें दर्शन देकर कहा कि माघ पूर्णिमा के मौके पर वे घोडे पर सवार होकर विजय यात्रा प्रारंभ करें। वे जहां तक जाएंगे, वहां तक उनका राज्य होगा और स्वयं देवी उनके पीछे चलेंगी। लेकिन पीछे मुढकर मत देखना।वरदान के अनुसार राजा ने वारंगल के गोदावरी के तट से उत्तर की ओर अपनी यात्रा प्रारंभ की। राजा अपने पीछे चली आ रही माता का अनुमान उनके पायल की घुंघरुओं से कर रहे थे। शंखिनी और डंकिनी की त्रिवेणी पर नदी की रेत में देवी के पैरों की घुंघरुओं की आवाज रेत में दब जाने के कारण बंद हो गई तो राजा ने पीछे मुढकर देख लिया। इसके बाद देवी वहीं ठहर गई। कुछ समय पश्चात मां दंतेश्वरी ने राजा के स्वप्न में दर्शन देकर कहा कि मैं शंखिनी-डंकिनी नदी के संगम पर स्थापित हूं। कहा जाता है कि मां दंतेश्वरी की प्रतिमा प्राकट्य मूर्ति है और गर्भगृह विश्वकर्

दालों से जीएसटी हटाने की मांग, रुक गया है निर्यात

इंदौर । जीएसटी लागू होने के बाद पैक ब्रांडेड दालों पर सरकार ने पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लागू किया है। 1 फरवरी को आम बजट पेश होगा। बजट से पहले व्यापारी कारोबारी मांग और उम्मीद कर रहे हैं कि दालों और चावल पर पांच फीसद जीएसटी हटाया जाए। जुलाई 2017 से लागू जीएसटी के कारण बीते वर्षों में कई दाल मिलों ने अपनी पैकिंग से दाल का ब्रांड हटाकर मिलों के नाम से पैकिंग भी शुरू कर दी थी। दरअसल मंडी टैक्स के दोहराव के कारण पहले से मप्र में दालों का लागत मूल्य ज्यादा पड़ रहा है। जीएसटी के चलते दाल और महंगी हो रही है। जीएसटी के नाम पर रिटेलर्स उपभोगकर्ता से अधिक दाम वसूलते हैं, जिससे उपभोगकर्ता को लगता है कि दालों की कीमतें अधिक हैं। ब्रांडेड पर जीएसटी लगाए जाने से दालों का निर्यात भी रुका। इससे पहले सरकार दालों पर निर्यात सब्सिडी भी वापस ले चुकी है। इसे फिर से बहाल करने की भी मांग की जा रही है। शुक्रवार को छावनी अनाज मंडी में नए बिटकी चने की आवक का श्रीगणेश हुआ। दलाल सुरेश हेड़ा के अनुसार सनावद लाइन से किसान आनंद के 23 कट्टे बिटकी चना मंडी पहुंचा। मां वैष्णोदेवी ट्रेडिंग ने 7471 रुपये 25 पैसे के दामों पर सौदा किया। नए बिटकी की क्वालिटी अच्छी बताई गई। दूसरी ओर काबुली चने में 200 रुपये की गिरावट रही। मंडी में करीब 2500 बोरी की आवक रही। वहीं चने में लेवाली समर्थन बेहद कमजोर मिलने और आवक धीरे-धीरे बढ़ने से भाव में नरमी की स्थिति बनी हुई है। चना कांटा घटकर 5000 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। नेफेड ने 27 जनवरी 2021 को चने का कोई टेंडर पास नहीं किया। तुवर गुजरात खरीफ 2020 4801 रुपये में टेंडर पास किए जाने की चर्चा है। मसूर और तुवर में भी कामकाज बेहद कमजोर होने से भाव में गिरावट रही। मसूर 50 रुपये घटकर 7200 और तुवर 100 रुपये घटकर महाराष्ट्र की सफेद 6200-6300 कर्नाटक नई 6300-6400 निमाड़ी 5200- 6000 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

बजट से मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में जीत की बुनियाद रखेंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

भाजपा के सभी विधायकों से उनके क्षेत्र में 15 करोड़ रुपये तक के कार्यों के प्रस्ताव मांगे

भोपाल। वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी भाजपा और सरकार ने अपने-अपने स्तर पर प्रारंभ कर दी है। मार्च में प्रस्तुत होने वाले वर्ष 2022-23 के बजट से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधानसभा चुनाव में जीत की बुनियाद रखेंगे। इसके लिए विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे कामों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो चुनाव से पहले पूरे हो जाएं। भाजपा के सभी विधायकों से उनके क्षेत्र में 15 करोड़ रुपये तक के कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। ज्यादातर विधायकों ने अपनी प्राथमिकता सूची मुख्यमंत्री सचिवालय को सौंप दी है। अब इन्हें विभागवार तैयार करके विभागीय मंत्रियों को दिया जाएगा ताकि वे बजट में शामिल कर लें। मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने बताया कि विधायकों से कहा गया है कि वे ऐसे काम चिन्हित करें जिससे अधिक से अधिक लोग प्रभावित होते हों। ये वो काम हो सकते हैं तो किसी अन्य योजना में शामिल न हो पा रहे हों या फिर बजट की सीमा आड़े आ जाती हो। ऐसे सभी 15 करोड़ रुपये तक के प्रस्तावों को बजट में प्राथमिकता के आधार पर शामिल कराया जाएगा। मंशा यही है कि वर्ष 2023 का मध्य आते-आते काम पूरे हो जाएं और चुनाव की आचार संहिता के लागू होने से पहले इन्हें जनता को समर्पित कर दिया जाए। इसे ध्यान में रखते हुए ही कामों का चयन भी किया जा रहा है। एक फरवरी को मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक में भी इस विषय पर मुख्यमंत्री चर्चा करेंगे और मंत्रियों को निर्देशित किया जाएगा।

पिछले चुनाव में भी मांगे थे प्रस्ताव

2018 के विधानसभा चुनाव से पहले भी सरकार ने ऐसा ही कदम उठाया था। तब अधिकांश विधायकों ने सामुदायिक भवन बनवाने के प्रस्ताव दिए थे। 2021-22 के बजट में विधायकों को प्राथमिकता के आधार पर सड़कें स्वीकृत की गई थीं। इस बार भी विभागों की ओर से विधायकों से सुझाव मांगे गए हैं। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव का कहना है कि क्षेत्र की समस्याओं को जनप्रतिनिधि से बेहतर कोई नहीं समझता है इसलिए उनसे पूछकर ही काम होना चाहिए। जनप्रतिनिधि यदि सजग रहता है तो उसे इसका राजनीतिक लाभ भी मिलता है।

यह बेर मामी के लिए भी दे दो, भोपाल ले जाऊंगा...

राजगढ़। भगवती बाई ने शबरी बनकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को यह कहते हुए बेर खिलाये की भैया यह सबरी के बेर है। यह सुनकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेर मामी के लिए भी दे दो, भोपाल ले जाऊंगा। मौका था राजगढ़ जिले की खिलचीपुर तहसील के ग्राम पिपलिया कलां के प्रधानमंत्री आवास हितग्राही के घर का, जहाँ मुख्यमंत्री श्री चौहान भगवती बाई से मिलने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान का परिवारजनों ने स्वागत किया। घर की लाड़लियों ने मुख्यमंत्री का तिलक लगाकर स्वागत किया। तो मुख्यमंत्री ने भी अपनी भांजियों को उपहार स्वरूप मिठाई और बैग दिए। मुख्यमंत्री ने परिवार के प्राय: सभी सदस्यों से बातचीत की। इस दौरान घर की मुखिया भगवती बाई ने मुख्यमंत्री को साफा भेंट किया। उन्होंने यह कहते हुए मुख्यमंत्री को अपनी बगिया के बेर खिलाये कि भैया ये शबरी के बेर है। भाव विभोर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चिंता मत करना सरकार आप सबकी ही है। आवास के बाहर एकत्रित प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभांवित लगभग एक दर्जन परिवारों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सांसद रोडमल नागर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

थ्रिफ्ट चुनाव लड़ने वाले पैनलों ने की दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को उपहार देने की मांग

भोपाल। भेल की थ्रिफ्ट सोसायटी भेल कर्मचारी की मृत्यु होती है उनके परिवार को 35 हजार रूपये की सहायता देगी। यदि कोई लोन होगा उसे माफ कर दिया जाएगा। उपहार नहीं दिया गया। जैसे ही थ्रिफ्ट का चुनाव होने को हैं। नरेश जादौन पूर्व संचालक अपनी पैनल को लेकर सोसायटी में चुनावी घमासान मचाने पहुंच गए है, दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितो के लिए उपहार की मांग उनके साथियों द्वारा की गई। थ्रिफ्ट सोसायटी के संचालक राजेश शुक्ला ने बताया कि अभी कुछ साथियो द्वारा दिवंगत कर्मचारियों के परिवार को उपहार देने की मांग की गई। सत्यमेव जयते पैनल के दीपक गुप्ता ने दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को उपहार देने की मांग की है। आदर्श पैनल द्वारा यह घोषणा की जाती है की उनकी आदर्श पैनल के बहुमत में आते ही इस नियम को शिथिल कर दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को उपहार वितरित किया जाएगा।

चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल बंद, टकरा रहे वाहन

भोपाल। राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सिग्नल सिंक्रोनाइजेशन की तैयारी है। लेकिन वर्तमान स्थिति ऐसी है कि शहर में ट्रैफिक सिग्नल्स में से आधे बंद पड़े हैं। लिहाजा लोगों को इन सिग्नलों पर लगने वाले जाम से जूझना पड़ रहा है। वाहन बेतरतीब ढंग से गुजरते हैं। इससे हादसों का अंदेशा हमेशा बना रहता है। हालांकि बंद सिग्नल पाइंटों (चौराहा-तिराहा) पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। लेकिन, एक हजार से ज्यादा वाहनों की आवाजाही से ये व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। राजधानी में ऊर्जा विकास निगम द्वारा लगाए गए सिग्नल सबसे ज्यादा बंद हैं। कारण यह है कि इन सिग्नलों का मेंटेनेस करने वाली कंपनी का अनुबंध खत्म हो चुका है। इसके अलावा नगर निगम ने इन सिग्नलों का अभी जिम्मा नहीं लिया है। लिहाजा इनका मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा। बता दें कि शहर में चार कंपनियां ट्रैफिक सिग्नल के मेंटेनेंस का काम देखती हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। राजधानी में पब्लिक सेक्टर से जुड़ी सभी सेवाओं में शिकायत व समस्या के लिए टोल-फ्री नंबरों की व्यवस्था की गई है। लेकिन ट्रैफिक जाम लगने या सिग्नल बंद होने की स्थिति में लोगों के लिए ऐसी किसी प्रकार की सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है।

एक हफ्ते तक बंद रही पेटीएम से बिजली बिल भुगतान सेवा

सैंकड़ों उपभोक्ताओं की राशि अटकी

पेटीएम का अनुबंध खत्म् होने के कारण भुगतान में आया था व्यवधान, 28 जनवरी को बिजली कंपनी ने पेटीएम से अनुबंध तीन माह बढ़ाया।

भोपाल। पेटीएम से बिजली बिलों के भुगतान की सेवा मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अचानक बंद कर दी। सेवा बंद करने की जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं दी गई। इस वजह से उपभोक्ता पेटीएम पर जाकर बिजली बिलों का भुगतान करते रहे। भुगतान मोड बीच में ही अटक गया। सैकड़ों उपभोक्ताओं के खाते से राशि से कट गई, लेकिन बिजली बिलों का भुगतान नहीं हो पाया। यह स्थिति 22 से 28 जनवरी तक बनी रही। इसकी वजह बिजली कंपनी और पेटीएम प्रबंधन के बीच भुगतान को लेकर हुए अनुबंध की अवधि का खत्म् होना था। जिसके लिए बिजली कंपनी के कुछ अधिकारी जिम्मेदार बताए जा रहे हैं, जिन्होंने अनुबंध को समय रहते बढ़ाना उचित नहीं समझा। इतना ही नहीं, जब पेटीएम मोड से भुगतान सेवा बंद हो गई तो बिजली कंपनी ने भी उपभोक्ताओं को जानकारी देना उचित नहीं समझा और उपभोक्ता परेशान होते रहे। परेशानी इतनी बढ़ गई कि उपभोक्ता भुगतान अटकने के बाद नजदीक के बिजली वितरण कंपनी पहुंचने लगे और आपत्तियां दर्ज करानी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देख बिजली कंपनी ने पेटीएम प्रबंधन से तीन माह का अनुबंध बढ़ा लिया है। यह अबनुबंध 28 जनवरी की शाम को बढ़ाया गया है। इसके बाद पेटीएम मोड से बिजली बिलों के भुगतान की व्यवस्था पूर्व की तरह लागू हो गई है। बता दें कि भोपाल शहर में 4.50 लाख विद्युत उपभोक्ता है। इनमें से 75 फीसदी उपभोक्ता आनलाइन मोड से बिजली बिलों का भुगतान करते हैं। इसी में पेटीएम से भुगतान करना भी शामिल है। यह सेवा बंद होने के कारण हजारों उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ा तो सैकड़ों उपभोक्ताओं की राशि बीच में ही अटक गई। बिजली कंपनी के एक जोन प्रभारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक हफ्ते तक उनके दफ्तर में रोज पेटीएम मोड से भुगतान अटकने की शिकायत लेकर 25 से अधिक लोग पहुंच रहे थे। ऐसे उपभोक्ताओं को उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह सेवा जल्द ही शुरू हो जाएगी। जब तक सेवा शुरू नहीं हो जाती, तब तक उपाय एप से भुगतान कर सकते हैं।

रोज एक करोड़ का राजस्व प्रभावित

बिजली कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पेटीएम मोड से रोजाना शहर में करीब एक करोड़ रुपये की आवक होती थी। यह बिजली बिलों का भुगतान होता है जो कि सेवा को अचानक बंद करने के कारण प्रभावित हुआ हुआ था। एक बार उपभोक्ताओं को समझ में आ गया कि बिजली बिलों का भुगतान पेटीएम से करते समय अटक जाता है, तो वे बहुत मुश्किल से उक्त मोड को अपनाएंगे। इसमें कंपनी और उपभोक्ता, दोनों का ही नुकसान होगा। हालांकि बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि जो उपभोक्ता नियमित बिल जमा करते हैं, वे देर से ही सही, लेकिन अन्य माध्यमों से भुगतान कर रहे हैं।

बरखेड़ा-बुधनी के बीच 200 मीटर लंबी तीसरी सुरंग का काम पूरा

निर्माणाधीन तीसरी रेल लाइन पर इस रेलखंड में कुल पांच सुरंगें बनाई जा रही हैं। दो सुरंगें वन्?यजीव अभयारण्?य क्षेत्र में

भोपाल। दिल्ली-चेन्नई रेल मार्ग पर बरखेड़ा से बुदनी के बीच 200 मीटर लंबी तीसरी सुरंग का काम भी पूरा कर लिया है। इस रेलखंड में तीसरी रेल लाइन बिछाई जा रही है, जो पहाड़ों और घने जंगलों के बीच से होकर गुजरेगी। बाघ, तेंदुए समेत वन्यप्राणियों के आवागमन में रेल लाइन बाधा न बनें, इसके लिए पांच स्थानों पर पहाड़ों के अंदर से सुरंगें बनाई जा रही है। इनमें से दो सुरंगों के निर्माण का काम पहले ही पूरा कर लिया था। अब तीसरी सुरंग का काम भी पूरा हो चुका है। इसके अलावा दो सुरंगें निर्माणाधीन हैं। बरखेड़ा-बुधनी रेल खंड दुर्गम रेलखंडों में से एक है। यहां पहले से दो रेल लाइनें हैं। तीसरी रेल लाइन को जल्द शुरू करने की योजना है। इस पर रेल यातायात शुरू होने के बाद यात्री ट्रेनें भोपाल से इटारसी के बीच करीब 100 किलोमीटर की दूरी 15 से 20 मिनट पहले तय कर लेंगी। बता दें कि दिल्ली-चेन्नई रेल मार्ग उत्तर-दक्षिण को जोड़ने वाला सबसे व्यस्त रेल कारिडोर में से एक है, जिस पर क्षमता से अधिक ट्रेनों का संचालन होता रहा है। यह रेलमार्ग भोपाल रेल मंडल के बीना, भोपाल-इटारसी से होकर गुजरता है। इसी रेल मार्ग पर बरखेड़ा-बुधनी (घाट सेक्शन) है, जिस पर 26.50 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन परियोजना का काम चल रहा है। रेल मार्ग पर दबाव को कम करने के लिए तीसरी रेल लाइन बिछाई जा रही है। बीना से भोपाल, भोपाल से बरखेड़ा और बुधनी से इटारसी के बीच तीसरी रेल लाइन पर आवागमन पहले ही शुरू हो चुका है।

बाघ, तेंदुए का जीवन आसान बनाएंगी रेल पटरी पर बनाई जा रही सुरंगें

सुरंग-1 की लंबाई 1080 मीटर, सुरंग-5 की लंबाई 530 मीटर व सुरंग-3 लम्बाई 200 मीटर है। इनका निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। सुरंग-2 की लंबाई 200 मीटर व सुरंग-4 की लम्बाई 140 मीटर है। इनका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन सुरंगों के निर्माण में अत्याधुनिक सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। वर्तमान समय में सुरंग के अंदर जैसे इनवर्ट सफाई, पीसीसी, नोफाइन कांक्रीट, 315 मिमी व्यास वाले सेंट्रल ड्रेन, 160 मिमी व्यास के साइड ड्रेन एवं निचले हिस्से में आरसीसी आदि के उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया कि इन सभी सुरंगों का निर्माण बेहतर ढंग से किया जा रहा है। सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य सुरंग-5 में 530 मीटर डबल ट्रैक का निर्माण किया गया है। जिसमें 500 मीटर वक्रीय कार्य और 14.4 मीटर चौड़ाई का कार्य बिना किसी चूक के पूरा करने में सफलता मिली है। सुरंग 4 एवं 5 जहां से गुजरती हैं, वहां एक वन्यजीव अभयारण्य स्थित है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पूरा पालन किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण के लिए लाइन पर पांच ओवरपास, 20 अंडरपास, वन्य जीवों को पानी उपलब्ध कराने के लिए छह डैम का निर्माण किया जा रहा है। एक जल भंडार है, जिस पर सौर ऊर्जा से बोरवेल चालू कर दिया गया है। ये सुरंगें बाघ, तेंदुए समेत सभी वन्यप्राणियों के जीवन को आसान बनाएंगी। इनके लिए पटरी से गुजरे बगैर आवागमन करना आसान होगा।

नकली सोने को असली बताकर फायनेंस कंपनी को लगाई साढ़े 12 लाख की चपत

भोपाल । एक निजी गोल्ड फायनेंस कंपनी ने सोने की गुणवत्ता और उसका मूल्य निर्धारित करने के लिए पांच लोगों को रखा था। इन लोगों ने लोन लेने वालों से मिलीभगत करके नकली सोने को असली बताते हुए कंपनी को लगभग 12 लाख 50 हजार रुपये की चपत लगा दी। धोखाधड़ी का पता चलने के बाद कंपनी ने इस मामले में कोर्ट में परिवाद दायर किया था। कोर्ट के आदेश पर कोलार थाना पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोलार थाना पुलिस के मुताबिक सोनू जैन बीमा कुंज स्थित जना स्माल फायनेंस कंपनी लिमिटेड में मैनेजर हैं। उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। उसमें बताया था कि वर्ष 2019 में उनकी कंपनी ने मिलिंद, अनिल कुमार और रजनी बाघड़कर से अनुबंध किया था। इस अनुबंध के तहत तीनों को कंपनी में गिरवी रखे जाने वाले सोने का मूल्यांकन करने के लिए लोगों को अनुबंधित करना था। इन तीन लोगों ने राहुल मित्तल और ओमप्रकाश से सोने की गुणवत्ता और कीमत निर्धारित करने के लिए रखा था। वर्ष 2019 से 2020 तक बैंक में मोहन पवार, आशीष, अक्षत, मंगल, अतुल अग्निहोत्री, महेश, हरगोपाल, सत्यम अग्निहोत्री, शैलेष परिहार व शेखर ने सोना गिरवी रखा। इसके एवज में उन्होंने कंपनी से रुपये हासिल किए थे। कंपनी ने आडिट कराया तो इन लोगों द्वारा गिरवी रखा गया सोना नकली पाया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश पर कोलार थाना पुलिस ने सभी 15 लोगों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आरएनटीयू भोपाल ने शानदार जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया

भोपाल। शिवम शुक्ला के शानदार दोहरे प्रदर्शन की मदद से रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (आरएनटीयू) चैंपियंस ट्राफी के कार्पोरेट ग्रुप ए के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में आरएनटीयू ने भोपाल स्ट्राइकर को 24 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आरएनटीयू मैदान पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर आरएनटीयू भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन बनाए। इसमें भोपाल के बल्लेबाज शिवम शुक्ला ने 21 गेंद पर 33 रन, वीरेंद्र मीणा के 11 गेंदों पर 22 रन और सागर शुक्ला के 11 गेंद पर 24 रन की की पारी खेली। भोपाल स्ट्राइकर के दीपक सपकाले ने तीन, अभिषेक ने दो और मानिक संजय ने एक विकेट लिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरे भोपाल स्ट्राइकर 119 रन ही बना सकी। इसमें मानिक संजय ने 36 गेंद पर 38 रन, शिखर के 25 गेंद पर 29 रन और मंडल के 10 गेंद पर 14 रन का योगदान दिया। आरएनटीयू भोपाल के शुभम सोलंकी ने तीन, सलमान व राहुल शिंदे ने दो दो विकेट चटकाए।

ट्रेन के जरिए भोपाल लाकर खपाया जा रहा मिलावटी मावा और पनीर

भोपाल । भिंड, मुरैना और ग्वालियर से ट्रेनों के जरिए नकली मावा और पनीर भोपाल लाकर खपाया जा रहा है। सड़क मार्ग से सामान लाने में पुलिस द्वारा पकड़े जाने का डर रहता है, इसलिए व्यापारी रेल मार्ग को चुन रहे हैं। ट्रेन से पार्सल के तौर पर यह सामग्री भेजी जाती है। रेलवे को भी भाड़े से मतलब रहता है। स्टेशन पर यह जांच नहीं की जाती कि किस सामग्री की सप्लाई की गई है। रेलवे में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भी कमी है। इस कारण जांच नहीं हो पाती। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी रेलवे क्षेत्र में जाकर सैंपल नही ले सकते। व्यापारी इसी का फायदा उठा रहे हैं। उधर, भोपाल में 10 दिन के भीतर दूसरी बार पनीर अमानक मिला है। दोनों बार पनीर में अतिरिक्त फैट की मिलावट पाई गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सेमरा कलां में गुरुवार को मुरैना जिले से ट्रेन के माध्यम से लाया गया पनीर जब्त किया था। 24 घंटे के भीतर ही ईदगाह हिल्स स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला में इसकी जांच कराई गई। जब्ती के दौरान पनीर के छह सैंपल लिए गए थे। सभी अमानक मिले हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सभी सैंपल में मिल्क फैट कम मात्रा में जबकि दूसरे फैट की मात्रा ज्यादा मिली है। सही पनीर में मिल्क फैट की मात्रा तय सीमा में होती है।

ओलिंपियन एश्वर्य प्रताप की नजर आइएसएसएफ वर्ल्ड कप के स्वर्ण पदक पर

भोपाल। मध्य प्रदेश की शान एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर फरवरी-मार्च में इजिप्ट के शहर कायरो में होने वाले आइएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन) वर्ल्ड कप में पदक के लिए निशाना साधेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय शूटिंग टीम की 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन के लिए मप्र राज्य शूटिंग अकादमी के ओलिंपियन खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को शामिल किया गया है। एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर वर्ल्ड कप की पुरूष व्यक्तिगत, टीम एवं मिक्स टीम इवेन्ट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगें। टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय दल का प्रतिनिधित?व कर चुके एश्वर्य का यहां पदक का दावेदार माना जा रहा है। खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने एश्वर्य को बधाई व शुभकामनाएं दी है। छोटे से गांव से ओलिंपिक तक क सफर तय कर चुके है एश्वर्यखरगोन जिले के झिरनिया तहसील के छोटे से गांव रतनपुर में तीन फरवरी 2001 को किसान परिवार में जन्मे एश्वर्य प्रताप सिंह वर्ष 2015 से मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षणरत है। हाल ही में सम्पन्न टोक्यो ओलम्पिक 2020 में एश्वर्य ने 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन में भारत को ओलम्पिक कोटा दिलाया और भारतीय शूटिंग टीम के साथ ओलिंपिक में भागीदारी भी की थी। एश्वर्य प्रताप ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित 10 पदक देश को दिलाएं है।

पचमढ़ी में पारा एक डिग्री पर, अब ठंड से मामूली राहत मिलने की संभावना

भोपाल । बर्फीली हवाओं के कारण मध्य प्रदेश पिछले चार दिनों से कड़ाके की ठंड की चपेट में है। रात में जहां शीतलहर का प्रभाव है, वहीं सर्द हवाओं के कारण दिन में भी ठिठुरन बरकरार है। इसी क्रम में शुक्रवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम तापमान एक डिग्री सेल्सियस पचमढ़ी में दर्ज किया गया। रायसेन एवं मंडला में तीन डिग्रीसे. तापमान रिकार्ड किया गया। राजधानी में लगातार चौथे दिन शीतलहर का प्रभाव रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवाओं का रुख उत्तरी बना रहने से ठंड के तेवर तीखे बने हुए हैं। इस तरह की स्थिति दो फरवरी तक बनी रह सकती है। हालांकि, शनिवार को एक पश्चिमी विक्षोभ के जम्मू-काश्मीर क्षेत्र में प्रवेश करने के आसार हैं। इसके प्रभाव से ठंड से मामूली राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि शुक्रवार को भोपाल, बैतूल, रायसेन, खंडवा, रतलाम मे तीव्र शीतलहर चली। रीवा, सागर, होशंगाबाद, राजगढ़, खरगोन, उज्जैन, ग्वालियर एवं गुना में शीतलहर का प्रभाव रहा। खंडवा, मलाजखंड, रायसेन एवं बैतूल में तीव्र

शीतल दिन रहा। भोपाल, जबलपुर, इंदौर, दमोह, उज्जैन, खजुराहो, रीवा, सीधी, टीकमगढ़, धार, छिंदवाड़ा, रतलाम एवं शाजापुर में शीतल दिन रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्रीसे. दर्ज किया गया। जो सामान्य से पांच डिग्रीसे. कम रहा, लेकिन गुरुवार के अधिकतम तापमान 19.8 डिग्रीसे. की तुलना में 1.7 डिग्रीसे. अधिक रहा। न्यूनतम तापमान पांच डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से सात डिग्रीसे. कम रहा।

फरवरी के प्रथम सप्ताह से होगा बदलाव

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया शनिवार को एक पश्चिमी विक्षोभ के जम्मू-काश्मीर में पहुंचने की संभावना है। इसके असर से रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने के आसार हैं। उधर, दो फरवरी को एक तीव्र आवृति वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से हवाओं का रुख बदलने से रात के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

ब्यौहारी द्वार प्रदाय में अनुबंधित ट्रक से होना था चावल कांड

मामला अन्नपूर्णा वेयर हाउस कोतमा का

बिना वर्क आर्डर के 30 लाख के चावल की हेराफेरी की कोशिश

अनूपपुर। जिले में तीन ट्रको के माध्यम से 30 लाख के शासकीय चावल की हेराफेरी किए जाने की शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए कार्यवाही में की गई लेट लतीफी व बाद में सोशल मीडिया में वीडियो वॉयरल होने के बाद भी कार्यवाही न होने पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए है। मामला कोतमा स्थित अन्नपूर्णा वेयर हाउस का है। जहां 15 जनवरी को बिना कोई वर्क आर्डर जारी किए हुए तीन ट्रक चावल लोड़ करने पहुंचे और चावल लोड़ कर उक्त वेयर हाउस परिसर में ही खड़े थे। जिसकी शिकायत डिप्टी कलेक्टर व जिला प्रबंधक नॉन विजय डेहरिया से की गई। जिसका जानकारी नॉन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लग गई और उन्होने खाद्य विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही आनन-फानन में तीनो ट्रक चावल को तत्काल ही खाली करवा दिया गया।

इस बीच वेयर हाउस परिसर में चावल लोड़ कर खड़े तीनों ट्रकों का वीडियो भी वॉयरल हुआ। लेकिन प्रशासन ने 15 दिन बीत जाने के बाद भी भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही नही हो सकी।

यह है मामला

अन्नपूर्णा वेयर हाउस कोतमा में 15 जनवरी को पूर्व परिवहनकर्ता की तीन ट्रक एमपी 18 जीए 1075, एमपी 17 एचएच 0445 एवं सीजी 12 एस 0929 चावल लोड़ करने पहुंची। जिसकी सूचना एलआरटी सामान्य परिवहन हेतु अनुबंधित फौजी ट्रांसपोर्टर को होने पर उन्होने तत्काल ही कोतमा केन्द्र प्रभारी विजय सिंह को फोन कर जानकारी ली गई। जहां केन्द्र प्रभारी ने नागरिक आपूर्ति विभाग अनूपपुर के प्रबंधक वित्त एम.एस. उपाध्याय के मौखिक रूप से कहने पर लोड़ किये जाने की बात कही गई। जहां नॉन के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं पूर्व परिवहनकर्ता द्वारा शासकीय चावल की हेराफेरी करने पर फौजी ट्रांसपोर्टर द्वारा सूचना डिप्टी कलेक्टर व जिला प्रबंधक नॉन विजय डेहरिया को दी गई थी।

वेयर हाउस प्रबंधक ने मेन गेट में जड़ दिया था ताला

फौजी ट्रांसपोर्टर द्वारा 23 जनवरी को म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल के अध्यक्ष को लिखित शिकायत की गई। जिसमें बताया गया कि शासकीय चावल को खुर्दबुर्द व हेराफेरी करने की शिकायत के संबंध में प्रबंधक वित्त, केन्द्र प्रभारी और तत्कालील ट्रांसपोर्टर को लग गई। जिसके बाद अन्नपूर्णा वेयर हाउस परिसर के अंदर खड़े धान उपार्जन परिवहनकर्ता के वाहन को गोदाम प्रबंधक द्वारा बाहर करते हुए मुख्य गेट में ताला लगा दिया और चावल लोड़ कर खड़े उक्त तीन ट्रको को आनन-फानन में खाली करवा लिया गया। फौजी ट्रांसपोर्टर ने शिकायत के माध्यम से आरोप लगाया है कि चावल बेचने की मंशा से प्रबंधक वित्त द्वारा पूर्व परिवहनकर्ता से मिल मेरे फर्म को बदनाम करने की बड़ी साजिश की जा रही थी।

क्यो से पहुंची ब्यौहारी द्वारा प्रदाय में अनुबंधित ट्रके

जानकारी के अनुसार द्वारा प्रदाय योजना में अनुबंधित वाहनो का उपयोग अन्य कार्यो के प्रयोजन में नही किया जा सकता है। लेकिन पूरे मामले में अन्नपूर्णा वेयर हाउस कोतमा में

शासकीय चावल की हेराफेरी करने पहुंची दो ट्रक जिनमें ट्रक क्रमांक एमपी जीए 1075 व सीजी 12 एस 0929 शहडोल जिले के ब्यौहारी सेक्टर में द्वारा प्रदाय योजना के लिए अनुबंधित है। जिस पर नॉन के अधिकारियों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है कि द्वारा प्रदाय योजना में अनुबंधित उक्त दोनो ट्रक द्वारा प्रदाय के कार्यो को छोड़कर लगभग 200 किमी दूर कोतमा मे चावल लोड़ करने क्यो पहुंची और दोपहर लगभग 2 बजे उक्त ट्रको में चावल बिना वर्क आर्डर जारी हुए क्यो और किसके कहने पर लोड़ कराया गया।

खाद्य विभाग की टीम को खाली मिले थे तीनो ट्रक

पूरे मामले में अन्नपूर्णा वेयर हाउस कोतमा में तीनों ट्रक चावल लोड़ करने की दोपहर लगभग 2 बजे हुई शिकायत और शिकायत के बाद जांच टीम के लेट लतीफी होने और देर शाम तक पहुंचने, पूरे मामले की भनक भ्रष्टाचारियों को लगने, टीम के पहुंचने से पहले ट्रक खाली करने, अचानक वेयर हाउस का सीसी टीवी महीनों पहले खराब हो जाने, वॉयरल वीडियो में ट्रक नंबर के ऊपर कपड़े डालकर उसे छिपाने, जांच टीम द्वारा लिए गए बयान में ट्रक चालको द्वारा चावल लोड़ करने के लिए आने, बिना वर्क आर्डर के मौखिक रूप से चावल लोड़ होने, ब्यौहारी द्वार प्रदाय योजना में अनुबंधित ट्रको के अन्नपूर्णा वेयर हाउस में चावल लोड़ करने आने जैसे कई गंभीर प्रश्न खड़े हो गये है। अब देखना है पूरे इस पूरे भ्रष्टाचार को अंजाम देने वालो के खिलाफ कार्यवाही होती है या फिर पूर्व में जिले में सबसे बड़ा 23 हजार क्विंटल अनुमानित कीमत 6.5 करोड़ का चावल घोटला की तरह ठंडे बस्ते में समा जायेगा।

इनका कहना है

पूरे मामले में संदिग्धता प्रतीत हुई है। जांच कर प्रतिवेदन भोपाल भेजा जा रहा है, जहां भोपाल स्तर से निश्चित ही कार्यवाही होगी।

विजय डेहरिया
डिप्टी कलेक्टर व जिला प्रबंधक नॉन
अनूपपुर

गरीब किसान के साथ छलावा कर गई आईसीआई नामक कंपनी

अनूपपुर। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम देव्हारा निवासी सुधीर कुमार तिवारी के साथ आईसीआई नामक कंपनी के द्वारा षड्यंत्र पूर्व तरीके से जमीन लेकर विक्रय किए जाने की खबर है।

इस संबंध में सुधीर कुमार तिवारी ने विधायक अनूपपुर कलेक्टर अनूपपुर एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को भी ज्ञापन प्रेषित करते हुए न्याय दिलाने की मांग की हैद्य ज्ञापन में कहा गया है कि सुधीर कुमार तिवारी पिता भैया लाल तिवारी ग्राम देव्हारा ने सन 2000 ट्ठ1 मैं आईसीआई नामक एक्सप्लोसिव कंपनी के द्वारा सुधीर कुमार तिवारी के पिताजी से यह कहकर कि हम यहां उद्योग चलाएंगे और उस उद्योग में आपके परिवार के एक सदस्य को परमानेंट नौकरी देंगे। यह आश्वासन देकर पीड़ित के पिता ने कंपनी के नाम जमीन करवा दीद्य कंपनी ने सुधीर को 2001 18 जुलाई 2001 में जॉइनिंग लेटर दिया और यह कहा गया कि 3 साल ठेकेदारी के बाद कैजुअल एवं परमानेंट किया जाएगा उसके बाद उसे धनबाद में केवल ऑपरेटर बनाकर भेजा गया और एम्पलाई कोड 7040 दिया गया इसके अलावा सुधीर तिवारी के वेतन का 12त्न पीएफ भी काटा जा रहा था और पेंशन के नाम पर भी कुछ पैसे काटे जा रहे थेद्य सुधीर को कुछ दिनों के लिए जमशेदपुर टाटा, गोमिया जिला बोकारो मानपुर आंध्र प्रदेश भी भेजा गयाद्य इसी बीच कंपनी के द्वारा देव्हारा से अपना सामान एक टैंक में भरकर ले गए और सुधीर के द्वारा पूछने पर किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया ना ही उसे सैलरी दी गई और ना ही पीएफ का पैसा दिया जा रहा है और भविष्य निधि की राशि भी नहीं दी जा रही है पीड़ित को किसी भी प्रकार का डिसमिस लेटर नहीं दिया गया और उसने कंपनी में अपना पूरा मन एवं ईमानदारी से कार्य किया है और उसकी मजदूरी लगभग 13 एवं 14 साल से नहीं दी गई है जिसके कारण भरण पोषण के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैद्य पीड़ित गरीब तबके का है और उसके परिवार का भरण पोषण मध्य प्रदेश शासन के पात्रता पर्ची से हो रहा हैद्य सुधीर ने विधायक अनूपपुर एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि उसे न्याय प्रदान किया जाए।

मंत्री गोपाल भार्गव ने नायब तहसीलदार नेहा जैन को सम्मान पत्र प्रेषित किया

कुंडम.नायब तहसीलदार नेहा जैन को लोक निर्माण विभाग कैबिनेट मंत्री माननीय गोपाल भार्गव जी द्वारा निष्ठा,भाव से उत्कृष्ट कार्य करने वाली अधिकारी तहसील कुंडम कि नायब तहसीलदार नेहा जैन जी को सम्मान पत्र देकर बधाई प्रेषित किया गया इस अवसर पर जिला जबलपुर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा जी की स्थिति में 26 जनवरी 2022 की 73 वी.वर्षगांठ पर शुभकामनाएं देते हुए अधिकारी की प्रशंसा की गई कुंडम तहसील पर लगन,निष्ठा,ईमानदारी से कार्य करते हुए माननीय मंत्री जी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर कुंडम तहसील की नायब तहसीलदार नेहा जैन को कुंडम क्षेत्रवासियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना एवं प्रशंसा करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.।

एक ओर ऑपरेशन प्रहार की व्यापकता तो दूसरी ओर नशे को हर गली तक पहुंचाते शराब ठेकेदार

धनपुरी। जहां एक और शहडोल पुलिस के द्वारा नशे के खिलाफ व्यापक अभियान ऑपरेशन प्रहार का संचालन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जिले की सबसे धनाढ्य नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नशे के अवैध कारोबार का संचालन बहुत ही तेज गति के साथ अपने पैर पसार रहा है शहडोल जोन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री अवधेश गोस्वामी के कुशल मार्गदर्शन में लगातार नशे का कारोबार करने वाले असामाजिक तत्वों पर व्यापक कार्यवाही की जा रही है इसके विपरीत धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब माफिया जमकर प्रशासन के नियमों का मुखौल उड़ाते नजर आ रहे हैं एवं आबकारी अधिनियम मध्य प्रदेश शासन के विपरीत जाकर जमकर शराब की अवैध पैकारी करवाई जा रही है धनपुरी नगर के हर गली मोहल्ले में आपको अंग्रेजी शराब ढूंढने में जरूर मिल जाएगी क्योंकि बात व्यवसाय की हो रही है तो शराब के ठेकेदार मनमाना नियम बनाकर अवैध तरीके से शराब की पैकारी ना जाने किस के संरक्षण में बड़े ही धड़ल्ले से करते हुए नजर आ रहे हैं

मध्य प्रदेश आबकारी संशोधन अधिनियम 2021 की धज्जियां उड़ा रहा शराब ठेकेदार

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मध्य प्रदेश आबकारी संशोधन अधिनियम 2021 सितंबर 2021 में लागू किया गया लेकिन स्थानीय स्तर पर अगर धनपुरी थाना क्षेत्र की बात की जाए तो हमें लगता है कि शराब ठेकेदार को इस नियम की पूर्ण जानकारी है ही नहीं या फिर यह भी कहा जा सकता है कि समस्त जानकारी होने के बावजूद भी शराब ठेकेदार अपनी

मर्जी के नियमों के अनुसार शराब की बिक्री कर रहा है धनपुरी थाना क्षेत्र जोकि संवेदनशील श्रेणी में आता है और यहां पर आए दिन आपराधिक घटनाएं नशे की वजह से होती रहती हैं इसके विपरीत धनपुरी में 24 वार्डो में अवैध रूप से शराब की अवैध पैकारी करवाई जा रही है जिससे कि धनपुरी नगर में नशे का प्रसार युवाओं के अंदर बड़ी ही तीव्र गति से हो रहा है

क्या कहता है नियम

मध्य प्रदेश शासन आबकारी अधिनियम एवम मध्य प्रदेश शासन आबकारी संशोधन अधिनियम की धाराओं को संशोधित कर उसे नए कानून का स्वरूप प्रदान किया गया है मध्य प्रदेश आबकारी संशोधन अधिनियम की धारा 34, 37, 38, 40 49 54 में संशोधन किया गया इससे पहले मध्य प्रदेश आबकारी अधिनयम 1915 की धारा 24 के अधीन प्रदत्त शक्तियों ने ये बात निहित की गई है की गैर लाइसेंस प्राप्त लोगों के द्वारा अगर अंग्रेजी शराब या फिर देशी शराब का विक्रय किया जाता है तो उस पर कठोर कार्यवाही करने का प्रावधान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम में निहित है

क्यों नही करवाई जा सकती अवैध पैकारी

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने लगातार अपने बयानों में बड़ी ही गंभीरता के साथ कहा है की शराब का वैध कारोबार ही भट्टी के लाइसेंस प्राप्त संचालक कर सकते हैं चूंकि मुख्यमंत्री जी का सख्त आदेश है की अगर अवैध पैकारी हुई और उस शराब में मिलावट से किसी भी निर्दोष की जान गई तो शराब के ठेकेदार पर सख्त कार्यवाही की जाएगी और उसका लाइसेंस निरस्तीकरण कर उस पर 20 लाख रुपए तक का अर्थदंड भी अधिरोपित किया जा सकता है साथ ही अप्रैल 2022 में आबकारी के नए नियम भी लागू होने वाले हैं

मुख्यमंत्री गृहमंत्री आपका आदेश महज एक औपचारिकता

धनपुरी नगर में अधिकृत शराब ठेकेदार द्वारा स्वयंभू नियम कानून बनाकर शराब का व्यापार किया जा रहा है और शासन प्रशासन के साथ साथ मुख्यमंत्री के भी आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं वाइन शॉप पे ना ही रेट लिस्ट चस्पायी गई है और ना ही ष्टश्व1द्बस्र के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन पर कोई भी गंभीरता नही बरती जा रही बिना मास्क के आए लोगों को शराब दी जा रही है नाबालिक युवकों को भी शराब उसके हाथ में पकड़ाई जा रही है जगह जगह पैकारी करवाई जा रही है और स्थानीय लोगों की मिलीभगत से जमकर शासन के नियमों का मुखौल उड़ाया जा रहा है

कब होगी कार्यवाही

धनपुरी नगर में जिन्होंने भी आज तक शराब की ठेकेदारी की है उन सभी ने बारीकी से शासन द्वारा निर्धारित समस्त आबकारी मापदंडों का पालन किया है परंतु ये पहली बार हो रहा है की धनपुरी नगर में जमकर आबकारी नियमो की धज्जियां भट्टी संचालक और उसके गुर्गो के द्वारा उड़ाई जा रही है और नियमो के विपरीत जाकर कार्य किया जा रहा है प्रश्नवाचक चिन्ह यह है की पता नही कब जिम्मेदार आबकारी अधिकारी की आंख खुलेगी और वह ठेकेदार की निरंकुश कार्यप्रणाली पर अंकुश लगाएंगे

एडीजीपी शहडोल जोन कलेक्टर शहडोल एवम एसपी शहडोल की छवि पर बट्टा लगाता आबकारी विभाग

ऑपरेशन प्रहार की व्यापकता जिले में देखी जा सकती है और लगातार नशे के सौदागरों पर पुलिस प्रशासन का चाबुक चल रहा है लेकिन ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठा शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर एवं शहडोल पुलिस अधीक्षक अवधेश गोस्वामी के प्रयासों पर आबकारी विभाग शहडोल और धनपुरी शराब ठेकेदार जमकर पानी फेर रहे हैं जिससे की विद्यार्थी वर्ग और ख़ासकर गृहणियों में रोष का माहौल है स्थानीय जनों ने एडीजीपी शहडोल कलेक्टर महोदय शहडोल श्रीमती वंदना वैध एसपी शहडोल से अपील की है कि जल्द से जल्द नशे के अवैध कारोबार करने वालों पर सख्ती के साथ कार्यवाही को अंजाम दे जिससे की हमारा घर परिवार इसकी चपेट में ना आए

गुजरात पोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी लिमिटेड ने सीकोस्ट शिपिंग सर्विसेज लिमिटेड के प्रस्ताव को स्वीकार किया

एजेंसी। गुजरात पोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी लिमिटेड ;जीपीएलसीएलद्ध को गुजरात मैरीटाइम बोर्ड द्वारा एसयूपी जारी किया जा रहा है और जीएसएफसी ने सीकोस्ट शिपिंग सर्विसेज लिमिटेड ;एसएसएसएलद्ध द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया हैए जिसमें छोटे बंदरगाहों से बड़े बंदरगाहों तक बोगियों के माध्यम से कंटेनरों और बल्क कार्गो की तटीय गति को विकसित किया जा रहा है।

उपरोक्त परियोजना भारत सरकारए जहाजरानी मंत्रालय द्वारा भूमि यातायात को कम करने के लिए सागर माला योजना की ओर पहला कदम होगा जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगा और उच्च लागत प्रभावी एग्जिम व्यापार होगा और अर्थव्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

उपरोक्त परियोजना में उच्च राजस्व आय होगी जो वर्तमान व्यवसाय में अतिरिक्त रूप से 200 करोड़ से अधिक का कारोबार बढ़ाएगी और 100 कर्मचारियों को प्रसारित करने की स्थिति में होगी। इसके अलावा एसएसएसएल ने जीपीएलसीएल को दीर्घकालिक सहयोग के लिए संयुक्त उद्यम का प्रस्ताव दिया है जो सरकार की नीति के अनुसार लागू करने की प्रक्रिया के तहत है

बीएसई लिस्टेड ;542753द्ध सी कोस्टए मुंद्रा पोर्ट से कंटेनर्स द्वारा कृषि संबंधी वस्तुओं के निर्यात संचालन जैसे अग्रेषण और देखभाल करने वाली श्रेष्ठ तीन कंपनियों में से एक है। यह कंपनी एक ही छत के नीचे सारे लॉजिस्टिक्स समाधान प्रस्तुत करने के साथ आधुनिक ड्राय वेसल्स के अंतर्राष्ट्रीय जहाज संचालन की सुविधाएं भी प्रदान करता है। यह प्रतिवर्ष लगभग 5ण्0 मिलियन मेट्रिक टन बल्क ; इकाईकृत समुद्रीसामनाद्ध को समुद्री मार्ग से भेजता है। स्पॉट बिज़नेस के विशेषज्ञ के रूप में सी कोस्ट का पूरा ध्यान सूखी थोक रसद और कंटेनर्स के भाड़े के अग्रेषण का कार्य इनलैंड रोड लॉजिस्टिक्स के साथ करती है।

कंपनी कार्गो को बंदरगाह तक यातायात करने से लेकर निर्यात करने तक की समस्त सेवाएं और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स बाधा रहित सेवाएं प्रदान करती है। यह पूरे संसार में ड्राय बल्क कार्गो के माध्यम से समुद्री मार्ग द्वारा भेजने की समस्त सेवाएं एक ही स्थान पर प्रदान करती है। कंटेनर्स की वैश्विक कमी के कारण सी कोस्ट को ऊंची दर पर भाड़ा प्राप्त होने से इसकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। कंपनी का मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि माल कुशलतापूर्वक समुद्री मार्ग से पहुंचाया जाए। जहाजों को समय पर चार्टर करनाए उनके संसार भर में संचालन की जानकारी रखनाए तटीय व्यापारए एक छोर से दूसरे छोर तक भाड़े पर अग्रेषण की सेवाएं प्रदान करनाए कंटेनर्स के संचालन की सेवाएं प्रदान करनाए उनका भंडारण और एफएमसीजी उत्पाद का यातायात करनाए एक छोर से दूसरे छोर तक एफएमसीजी उत्पादों जैसे कि तरल पदार्थए नमकए सिरेमिक आदि की भारत में माइनिंग और यातायात संचालन करना।

बूथ समिति के माध्यम से होगे सारे कार्य – राकेश सिह

सिहोरा –आने वाले समय मे प्रत्येक बूथ समिति अपने बूथ में इतनी मजबूत होजायेगी की सारे विकास कार्य और राजनैतिक,धार्मिक, समाजिक कार्य उसी केमाध्यम से होगे उक्ताशय के विचार जबलपुर के सांसद राकेश सिहं ने स्थानीय विश्राम ग्रह मे आयोजित सभी 37 बूथ विस्तारको,समिति के अध्यक्षों की बैठक में व्यक्त किए ।उन्होने आगे कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत का ही फल है की जहाँ पार्टी को कम बोट मिलते थे

बूथ विस्तार समिति की बैठक में सांसद ने कहा

आज वहां भी भाजपा के कमल की खेती लहलहा रही हैं सम्पूर्ण क्षेत्र में आज जो भाजपा के कार्यकर्ता का नेटवर्क है वह अन्य किसी पार्टी का नही हैं उन्होने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो विकास के कार्य सात सालो में कर दिए वह काग्रेंस ने 56 शालो में नही किए हर गरीब को जहां पीएम आवास का घर मिल रहा वही किसानों के खाते में सीधे राशी पहुच रही है जनधन के खाते खुल गये है तथा ग्रामीण जल मिशन योजना के तहत हर घर में पानी पहुचाने कार्य किया जा रहा है । विधायक नंदनी मरावी ने कहा की कुशाभाऊ ठाकरे की मध्यप्रदेश जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है उसी के तहत यह बूथ विस्तार का कार्य किया जा रहा है जिसे क्षेत्र मे हर बूथ विस्तार,समिति अध्यक्ष सक्रियता से कररहा है इसमे और तेजी लाने की आवश्यकता है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी ने कहा की बैठक में इतनी बडी संख्या देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है की यहां कितना अच्छा कार्य चल रहा है सभी बूथ अध्यक्षों के साथ बीस समिति सदस्यों के मोबाइल नम्बर के माध्यम से ऐप डाऊनलोड कराकर सारी जानकारी उसमे भरनी है जिसमे प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेत्रत्व भी कार्यकर्ता से सीधे जुड सके। नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक दिलीप दुबे,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा मोर,महामंत्री राजेश दाहिया,राजेश राय,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद पटेल,जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल,भाजयूमो जिलाध्यक्ष राजमणी सिंह बघेल,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शेख शहीद मंसूरी,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका गर्ग, अनसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य रूप से मंचासीन थे। इस अवसर पर सांसद राकेश सिहं ने जहां बूथ अध्यक्षों का स्वागत किया वही भाजपा के पित्र पुरुष के तैल चित्र भी भेट किए । मंच का संचालन मंडल प्रभारी विनय असाटी ने किया इस अवसर पर शिशिर पांडे,अनुपम सराफ,अंकित तिवारी,माधव मिश्रा,प्रशांत परोहा ,प्रवीण कुररिया,विनय जैन,राजा ठाकुर,विरेन्द्र पटेल, राजकुमार विश्वकर्मा,गौरादेवी विश्वकर्मा,सुनील तिवारी,रोहित यादव,ज्योति पटैल, योगेश साहू,अशोक चौधरी, अमित कोल, बीशू जैन, शंहशाहमंसूरी फुरखान खान,प्रेमलता ठाकुर, जयप्रकाश दुबे ,रिजवान बेग,मुन्ना लाल गौतम, मुनिचौबे, दिनेश गौतम, सत्यप्रकाश खरे, अरूण जैन ,अभिषेक जैन,दीपक गुप्ता संदीप गौतम,मनीष दुबे,सोनेलाल चक्रवर्ती,अंकुश नायक,प्रवीण मिश्रा, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे । इस अवसर पर सांसद एंव विधायक जी जहां पूर्व विधायक दिलीप दुबे ,मुकेश जानवानी, शशांक पांडे सहित अन्य परिवारों में गये वहीं आयुष्मान हास्पिटल में एडमिट शैलेंद्र दुबे की माता जी को भी देखने गये।

केंद्र के समान महंगाई भत्ता की मांग

सिहोरा- मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष प्रेमनारायण तिवारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अविलंब शेष ग्यारह प्रतिशत मंहगाई भत्ता केंद्रीय मंहगाई भत्ता देय तिथियों से प्रदान करते हुए उसके एरियर्स भुगतान की मांग की है। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश मे कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों की तुलना में ग्यारह प्रतिशत मंहगाई भत्ता कम दिया जा रहा है।जो आठ प्रतिशत मंहगाई भत्ता विगत समय दिया गया है वह भी केंद्रीय देय तिथि से नहीं दिया गया है। जिसके चलते भीषण मंहगाई के दौर मे आर्थिक नुकसान होने से कर्मचारियों मे आक्रोश आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन सौपने वालों मे कोमल शुक्ला, बलराम बर्मन, हरीश विश्वकर्मा, अशोक तिवारी, राकेश पटेल, अनिल खंपरिया, कार्तिका गुप्ता, मीनाक्षी तिवारी, रामसुजान तिवारी, राधापुरूषोत्तम पांडेय, संजीव शर्मा, मनीष पटेल, महेंद्र पटेल, शिव कुमार पटेल आदि पदाधिकारी शामिल हैं।

का ओटीटी डेब्यू, हुमा कुरैशी का मिला साथ

मिथ्या से भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दासानी ओटीटी के बूम के साथ ही एक ओर जहां दर्शकों को ढेर सारा कंटेंट मिलने लगा है तो वहीं दूसरी ओर एक्टर्स को भी नया करने का मौका मिलने लगा है। इसके साथ ही स्टार किड्स भी अब सीधे डिजिटल माध्यम से ही डेब्यू करने लगे हैं। इस लिस्ट में नया नाम अभिनेत्री भाग्यश्री (Bhagyashree) की बेटी अवंतिका दासानी (Avantika Dassani) का है। अवंतिका जी5 (द्दद्ब5) की अपकमिंग वेब सीरीज मिथ्या (Mithya) से डेब्यू करने को तैयार हैं, जहां उनके साथ हुमा कुरैशी (Huma Qureshi) नजर आएंगी।

क्या है कहानी

रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित, 6-भाग की सीरीज चमिथ्याज में हुमा कुरैशी और अवंतिका दासानी की मुख्य भूमिका के साथ परमब्रत चटर्जी, रजित कपूर और समीर सोनी अहम किरदार में न?र आएंगे। मिथ्या एक हिंदी साहित्य प्रोफेसर जूही के बीच विवादित संबंधों के माध्यम से नेविगेट करती है, जिसे हुमा कुरैशी और अवंतिका दासानी द्वारा अभिनीत उनकी छात्रा रिया द्वारा निभाया गया है।

शाहरुख खान की पार्टी में बिना बुलाए पहुंच गए थे कपिल शर्मा, एक्टर ने कहा- '..तो क्या बेडरूम में आ जाओगे?'

कपिल शर्मा का स्टैंड-अप स्पेशल शो 'आई एम नॉट डन येट' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गया है। शो का टीजर आने के बाद से ही इसकी काफी चर्चा थी। प्रमोशन के दौरान कपिल ने बताया था कि इसमें वह अपने टीवी शो से कुछ अलग करना चाहते थे। जहां उन्हें जोक्स सुनाने के लिए ज्यादा छूट मिली।

इस स्टैंड-अप शो में कपिल ने अपनी जिंदगी के कई अनसुने किस्से साझा किए। ऐसा ही एक किस्सा उन्होंने बताया जब वह देर रात 3 बजे शाहरुख खान के घर पहुंच गए थे तब उनके घर कोई पार्टी चल रही थी और शाहरुख ने उन्हें बुलाया भी नहीं था।

नशे की हालत में शाहरुख के घर पहुंचे

कपिल बताते हैं जैसे-जैसे वह ज्यादा मशहूर होते चले गए उन्हें अपने पावर को लेकर गलत विचार भी आने लगे। उन्होंने याद किया कि वह अपनी कजिन के साथ कार में जा रहे थे और वह शाहरुख खान का घर देखना चाहती थी। कपिल उस वक्त नशे की हालत में थे और कजिन की बात मान ली। उन्होंने कहा, 'हम वहां गए, वहां पार्टी चल रही थी। दरवाजे खुले थे और मैंने अपनी पॉपुलैरिटी का गलत इस्तेमाल करने का फैसला लिया। मैंने अपने ड्राइवर से कहा, कार को अंदर ले जाओ। सिक्योरिटी गार्ड ने मेरा चेहरा देखा और मुझे अंदर जाने दिया। उन्होंने सोचा कि मुझे बुलाया गया होगा।'



गौरी का ऐसा था रिएक्शन

'जब मैं अंदर गया तो मुझे एहसास हुआ कि हम सही काम नहीं कर रहे। मैंने सोचा कि मुझे यहां से जाना चाहिए तभी शाहरुख खान के कोई स्पेशल मैनेजर आए और हमें अंदर बुलाया। उस वक्त 3 बज रहे थे। कपड़े भी क्या मैंने निक्कर पहनी हुई थी। स्केचर्स की एक जोड़ी के साथ और हाई हो रखा था। दरवाजा खोला तो गौरी भाभी और उनकी 3-4 सहेलियां बैठी हुई हैं। उन्होंने सोचा कि शाहरुख ने मुझे बुलाया होगा। मैंने कहा 'हैलो' तो उन्होंने कहा, 'शाहरुख अंदर है, प्लीज।' मैं अंदर गया तो शाहरुख खान अपने ही अंदाज में डांस कर रहे थे।'

घंटों डांस करते रहे कपिल

'मैं उनके पास गया और कहा भाई सॉरी मेरी कजिन यहां है और वह शाहरुख खान का घर देखना चाहती थी। गेट खुला था तो मैं अदर आ गया। तब शाहरुख ने जवाब दिया अगर मेरे बेडरूम का दरवाजा खुला होता तो क्या तुम अंदर आ जाओगे?' आगे कपिल याद करते हैं कि शाहरुख उनसे नाराज नहीं थे। उन्होंने तो उनके साथ घंटों डांस किया और कपिल पार्टी से सबसे आखिर में गए थे। शाहरुख उन्हें छोड़ने नीचे आए और उनके पूरे स्टाफ ने उनके साथ तस्वीरें लीं।

नुसरत भरूचा ने पिकं एंड व्हाइट क्रॉप टॉप और स्कर्ट में दिए किलर पोज़

यूलिया वंतूर को बॉलीवुड में सलमान खान की वजह से खूब जाना जाता है। लंबे समय से इन दोनों की अफेयर की अकटलें लगाई जाती रही हैं। हालांकि दोनों ने हमेशा से लोगों को अफेयर की बातों को नकारा कर इस खास दोस्ती बताया है। इस खास दोस्ती की वजह से लोगों ने यूलिया की सफलता के पीछे हमेशा सलमान का हाथ बताया।

यहा तक बाबत य हैं कि लागा न सलमान को उनका च्गॉड फादरज करार दे चुके हैं। हालांकि इन सभी अटकलों पर सिंगर-मॉडल ने चुप्पी तोड़ दीह है और सुपरस्टार के साथ जुड़े होने के फायदे और नुकसान के बारे में खुलकर बातें की। एक नए इंटरव्यू में यूलिया ने कहा है कि अभी उनका लक्ष्य अपनी च्खुद की एक पहचानज स्थापित करना है।

'मैं चला' गाने की वजह से खबरों में

गौरतलब है कि यूलिया भले ही रोमानिया से आई हो लेकिन दिल से वे भारतीय हो चुकी हैं। उन्हें यहां की सभ्यता खूब सुहाती हैं और वे अक्सर भारत के रंग में रंगी हुई नजर आती हैं। यूलिया इन दिनों अपने नए गाने 'मैं चला' (Mai Chala) को प्रमोट कर रही हैं। यह गाना हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। यह गाना सलमान खान -प्रज्ञा जैसवाल पर फिल्माया गया है। इस गाने को यूलिया ने सिंगर गुरू रंधावा मिलकर गाया है। बता दें कि इससे पहले यूलिया सलमानकी फिल्म 'राधे- योर मोस्ट वांटेड भाई' के लिए भी गाना गा चुकी हैं। सलमान-यूलिया कई सालों से एक दूसरे को जानते हैं और कई प्रोजेक्ट पर काम कर चुके हैं।

Bigg Boss 15- फिनाले के शूट पर पहुंचीं श्वेता तिवारी

इशारों-इशारों में कर दिया विनर के नाम का खुलासा!

'बिग बॉस 15' फिनाले से अब चंद कदम दूर है और जल्द ही विजेता के नाम का पता चल जाएगा। शो के 6 कंटेस्टेंट शमिता शेट्टी, करण कुंद्रा, तेजस्वी प्रकाश, प्रतीक सहजपाल, निशांत भट्ट और रश्मि देसाई रेस में हैं। सभी के बीच कड़ा मुकाबला है। शुक्रवार को फिनाले के लिए शो में पहुंचे मेहमानों के साथ शूटिंग की गई। इस सीजन के फिनाले की खास बात यह है कि 'बिग बॉस' के कई पूर्व विजेता पहुंचेंगे। इनमें श्वेता तिवारी भी हैं। श्वेता ने सीजन 4 अपने नाम किया था। फिनाले की शूटिंग के बाद उन्हें वैनिटी वैन के बाहर देखा गया। उन्होंने वहां मौजूद पैपराजी के सवालों के जवाब दिए।

श्वेता ने लिए ये नाम

श्वेता ने हाथ में कॉफी का मग लिया हुआ था। उन्होंने ब्लू कलर की खूबसूरत सी ड्रेस पहनी हुई थी। श्वेता जैसे ही वैनिटी वैन से बाहर आती हैं पैपराजी उनसे पूछते हैं, विनर कौन बनेगा? जवाब में वह कहती हैं, 'अरे विनर नहीं बता सकती।' आगे वह कहती हैं, 'तेजा होगी, शमिता होगी मेरे ख्याल से प्रतीक होगा।'

श्वेता ने दिया इशारा

जब उनसे करण को लेकर सवाल पूछा गया तो फिर वह सभी को थैंक्यू कहती हैं और वापस वैनिटी के अंदर चली जाती हैं। वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने शेयर किया है। श्वेता ने बिल्कुल साफ तौर पर किसी का नाम नहीं लिया है लेकिन उनके जवाब से एक हिंट तो मिल ही गया है कि इस बार बिग बॉस का विजेता कौन हो सकता है। तेजस्वी प्रकाश का नाम विजेता के तौर पर देखा जा रहा है। श्वेता ने भी इशारों-इशारों में तेजस्वी के नाम की ओर इशारा किया।

चौथी बार BBL खिताब जीतने वाली पर्थ स्कॉचर्स टीम का खूनी जश्न, खून से लथपथ हुआ झाय रिचर्डसन का चेहरा

पर्थ स्कॉचर्स (Perth Scorchers) ने सबसे ज्यादा बार बिग बैश लीग 2022 (Big bash league) का खिताब जीत लिया है। पर्थ का यह चौथा खिताब था। खिताबी जीत के बाद पर्थ स्कॉचर्स के खिलाड़ियों का जश्न देखने लायक था। फाइनल में सिडनी सिक्सर्स को 79 रन से हराने के बाद पर्थ ने बुरी तरह से इस जीत का जश्न मनाया। टीम का जश्न इतना खतरनाक था कि पेसर झाय रिचर्डसन (Jhye Richardson) चोटिल हो गए और उनका चेहरा खून से सन गया।

रिचर्डसन की चोट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जश्न के दौरान रिचर्डसन के नाक पर कंधे से ही चोट लगी और उनके नाक से खून बहने लगा। हालांकि इसके बाद भी वह मुस्कुराते हुए नजर आ रहे थे। मैच के बाद बीबील ने अपने इंस्टाग्राम एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें रिचर्डसन खून से लथपथ होने के बाद भी मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। बीबीएल ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा, इससे खतरनाक जश्न मनाने जैसी कोई चीज होती।% पर्थ के लिए 76 रनों की पारी खेलने वाले लॉरी एवान्स को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जबकि सलामी बल्लेबाज बेन मैक्डरमॉट (Ben Bcdermott) प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

बीबीएल 2021-22 के फाइनल मैच की बात करें तो सिडनी सिक्सर्स के कप्तान मोइजेज हेनरिक्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। ऐसे में पर्थ स्कॉचर्स टीम ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में लॉरी एवान्स की नाबाद 76 रन की पारी और कप्तान एश्टन टर्नर की 54 रन की पारी के दम पर टीम ने 6 विकेट खोकर 171 रन बनाए थे। पर्थ स्कॉचर्स की टीम की तरफ से दो-दो विकेट नाथन लियोन और स्टीव ओकीफी ने लिए।

वहीं, 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पर्थ स्कॉचर्स की टीम 16.2 ओवर में 92 रन बनाकर ढेर हो गई और मुकाबला 79 रन से हारने के साथ-साथ टीम ने खिताब भी गंवा दिया। सिडनी के पास लगातार तीसरा खिताब जीतकर खिताबी हैट्रिक लगाने का मौका था, लेकिन ये मौका टीम ने गंवा दिया। सिडनी सिक्सर्स की तरफ से 3 विकेट एंड्रयू टाय ने चटकाए, जबकि 2 विकेट झाय रिचर्डसन को मिले। एक-एक सफलता जेसन बेहरनडॉर्फ, एश्टन टर्नर, पीटर हैट्जोग्लू और एश्टन एगर को मिली।

आकाश चोपड़ा ने डेविड वॉर्नर को लेकर की बड़ी भविष्यवाणी

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सफल कप्तानों में से एक रहे हैं, जिन्होंने अपनी कप्तानी में 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को पहली खिताबी जीत दिलाई थी। हालांकि वॉर्नर के लिए पिछला सीजन निराशाजनक रहा था। उन्हें बीच सीजन में कप्तानी से हटा दिया गया था और फिर प्लेइंग ङ्गद्ब से भी बाहर कर दिया गया था। टीम ने उन्हें रिलीज भी कर दिया। आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन (ढ्ढक्क2022 स्द्गद्दड्ड ह्लष्ह्लद्बशठ्ठ) का आयोजन 12 और 13 फरवरी को आयोजित किया जाएगा और उसमें वॉर्नर किसी नई टीम में जा सकते हैं। इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन से पहले वॉर्नर को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा है कि वॉर्नर पर बोली तो जरूर लगेगी हालांकि उन्हें फिर से कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी यह मुश्किल है।

वॉर्नर को नहीं मिलेगी कप्तानी

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, च्आरसीबी डेविड वॉर्नर को ले सकती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें कप्तान नहीं बनाएगी। वॉर्नर किसी भी टीम के कप्तान नहीं बनेंगे। भले ही हम पंजाब को छोड़ दें, फिर भी दो टीमें कप्तान की तलाश कर रही हैं। वह किसी न किसी टीम में जरूर जाएंगे। वह महंगे भी जाएंगे लेकिन कोई भी टीम उन्हें कप्तान नहीं बनाएगी, ऐसा मेरा मानना है क्योंकि आईपीएल एक छोटा परिवार है, सभी को अंदाजा है कि पिछले साल क्या हुआ था, कारण और समस्याएं क्या थीं।ज

आरसीबी की टीम में जा सकते हैं वॉर्नर

मिचेल स्टार्क ने पहली बार जीता एलन बॉर्डर मेडल अवॉर्ड, ऑलराउंडर मार्श को मात्र 1 वोट से हराया

स्टार्क ने पहली बार जीता एलन बॉर्डर मेडल, मार्श को 1 वोट से हराया

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान Brendan Taylor पर ICC का बड़ा फैसला, लगाया साढ़े तीन साल का प्रतिबंध

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रैंडन टेलर (Brendan Taylor) पर साढ़े तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। ब्रैंडन किसी प्रकार के क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल नहीं पाएंगे। खिलाड़ी ने आईसीसी एंटी करप्शन कोड (ICC Anti Corruption Code) के चार आरोपों के साथ एंटी-डोपिंग कोड (Anti-Doping Code) से जुड़े आरोप को स्वीकार किया है। क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि डोपिंग के लिए टेलर पर एक माह का अधिकतम बैन लगेगा। यह तीन सालों के निलंबन के साथ चलेगा।

ब्रेंडन टेलर का क्रिकेट करियर

ब्रेंडन टेलर ने 34 टेस्ट में 6 शतक/12 अर्धशतक, 202 वनडे में 11 सेंचुरी/39 हाफ सेंचुरी और 45 टी20 मुकाबलों में 6 अर्धशतक जड़े हैं। उन्होंने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया था। आईसीसी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि टेलर न केवल प्रस्ताव का खुलासा करने में असफल रहे। उन्होंने भ्रष्टाचारियों से गिफ्ट और रकम लेने की बात स्वीकारी है। एक अन्य आरोप में ब्रेंडन भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के मिलने प्रस्ताव का खुलासा करने में फेल रहे थे।

मातागुजरी कॉलेज की प्रोफेसर लिफ्ट में फंसी पुलिस ने बचाया

जबलपुर यशभारत। सिविक सेंटर स्थित माता गुजरी कॉलेज में आज शनिवार को उस समय सुबह-सुबह ह?कंप मच गया जब जब एक महिला प्रोफेसर लिफ्ट में फंस गइ। प्रोफेसर के लिस्ट में फसने का कारण बिजली गुल होना बताया जा रहा है। जिसके बाद महिला प्रोफेसर ने तत्काल फोन लगाकर जिला प्रशासन, पुलिस और अपने परिचितों को इस संबंध में जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एमपीबी के अधिकारियों की सहायता से लाइट चालू करा कर महिला प्रोफेसर को लिफ्ट से बाहर निकाला । जानकारी अनुसार इस संबंध में ओमती थाना प्रभारी बघेल का कहना है कि इसकी जानकारी लगी थी कि माता गुजरी कॉलेज में महिला प्रोफेसर लिफ्ट फंस गई है मौके पर पुलिस को रवाना किया तो देखा कि महिला प्रोफेसर लिफ्ट के अंदर थी जिसके बाद एमपी बी के अधिकारियों को तत्काल मामले की जानकारी दी गई जिसके बाद महिला प्रोफेसर को लिफ्ट से निकाला गया। लिफ्ट से बाहर निकली महिला प्रोफेसर घबरा गई थी इस घटना को लेकर कॉलेज में तमाम तरह की चर्चाएं थी।

पत्थर पटक कर युवक की हत्या

रांझी में वारदात से सनसनी

पुलिस अमला मौके पर पहुंचा

जबलपुर यश भारत। रांझी थाना अंतर्गत थाना प्रभारी के घर के सामने बने गार्डन में एक युवक के सिर पर पत्थर पटक कर हत्याकांड को अंजाम दिया गया । आज सुबह जब लोग मॉर्निंग वॉक करने गार्डन पहुंचे तो युवक का रक्तरंजित शव पड़ा देखा तो पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी अनुसार रामनगर कालोनी में रांझी थाना प्रभारी विजय परस्ते का आवास है। उनके घर के ठीक सामने एक पार्क है। शनिवार सुबह कालोनी के नागरिक टहलने के लिए निकले। कुछ लोग पार्क के समीप पहुंचे तो भीतर का दृश्य देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पार्क के भीतर एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा था। कुछ ही देर में खबर आग की तरह कालोनी में फैल गई। बडी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। रांझी थाना प्रभारी परस्ते भी घर से बाहर निकल कर पार्क में पहुंचे तथा पुलिस बल को मौके पर बुलाया। पार्क के भीतर भारी भरकम पत्थर भी पाया गया जो खून से सना हुआ है। जिससे पता चलता है कि सिर पर पत्थर पटककर युवक की हत्या की गई। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने डाग स्कवाड और एफएसएल टीम को घटनास्थल पर भेज दिया है। मृतक कौन है एवं उसकी हत्या किसने की है, इसका पता लगाया जा रहा है।

इनसेट में मृतक का शव, जांच में जुटी पुलिस

एएसपी भी पहुंचे मौके पर

खबर मिलते ही एएसपी संजय अग्रवाल, रांझी सीएसपी एमपी प्रजापति सहित एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड टीम पहुंची थी। डॉग कुछ दूर जाकर लौट आया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। युवक की पहचान न होने से पुलिस के लिए वारदात का खुलासा करने में दिक्कत आ रही है। पुलिस ने युवक की पहचान के लिए उसके फोटो पुलिस के सोशल ग्रुपों में वायरल किया है। वहीं सीमावर्ती जिलों को भी युवक की फोटो भेजी गई है।

युवक की नहीं हो पाई शिनाख्त

युवक ने सफेद जूता, ग्रे कलर का मोजा, ट्रैक सूट वाला नीला लोवर, लाल ग्रे कलर का अपर, अंदर ग्रे कलर की ऊनी बनियान पहने हुए हैं। उसके दाहिने हाथ में पूजा वाला लाल पीला धागा बंधा हुआ है। उसकी कद काठी लगभग साढ़े पांच फीट होगी। युवक के बारे में फैक्ट्री क्षेत्र में भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फैक्ट्री में स्थानीय के अलावा दूसरे राज्यों के लोग भी जॉब करते हैं। वहीं घटनास्थल पर सक्रिय मोबाइल का भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। युवक के पास से मोबाइल या कोई कागज नहीं मिला है। **फोटो- अशोक बर्मन**

डाटा एंट्री ऑपरेटर युवती से बलात्कार

जबलपुर यश भारत। मदन महल थाना अंतर्गत कोरोना वैक्सीनेशन में डाटा एंट्री का काम करने वाली एक युवती के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसमें आरोपी उसे कैफे मैं ले गया गया और उसके साथ जबरदस्ती की जब युवती ने विरोध किया तो शादी करने का झांसा देकर युवती को चुप करा दिया और उसके बाद अब शादी से मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी को तलाश करने में जुटी है । जानकारी अनुसार 25 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शहडोल जिले की निवासी है एवं वर्तमान में गढ़ा क्षेत्र में रहती है। कोरोना वैक्सीनेशन में डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम करती है। जुलाई 2021 में कोरोना कंट्रोल रूम विक्टोरिया अस्पताल में उसकी पहचान सोनू उर्फ पार्थ मेहरा से हुई थी। तब सोनू ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया थ। उसके बाद अक्सर वहां फोन करके बात करने लगा और दोनों में दोस्ती हो गई। जानकारी अनुसार 1 अगस्त 2021 को सोनू उर्फ पार्थ मेहरा उसे लेकर रानीताल गेट नंबर 2 डेंटल क्लीनिक के पास एक कैफे में ले गया। जहां जबरदस्ती सोनू उर्फ पार्थ ने उसके साथ रेप किया। इसके अलावा शादी का झांसा देते हुए अलग अलग कई जगह ले जाकर उसका दैहिक शोषण किया है। अब शादी के लिए बोलने पर धमकी देते हुए शादी करने से इनकार कर रहा है। मदन महल पुलिस नेरिपोर्ट पर आरोपी सोनू उर्फ पार्थ मेहरा के खिलाफ रेप का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



कैफे में ले जाकर की जबरदस्ती

शादी का सेहरा बंधने के पहले युवक ने खाया जहर : मौत

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत ग्राम हिनोतिया में शुक्रवार की दरमियानी रात एक युवक ने जहर खा लिया । परिजनों ने जब युवक के मुंह से झाग निकलते हुए देखा तो सन्न रह गए और तत्काल युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया की युवक की कुछ दिन में ही शादी होने वाली थी। उसके पहले घर में पसरा मातम से परिजन गम में डूब गए। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि सौरभ पटेल उम्र 22 साल पिता स्वर्गीय कमलेश प्रसाद हिनोतिया थाना बरेला का निवासी था और टाइल्स मार्बल लगाने का काम करता था युवक ने दरमियानी रात किसी तनाव में आकर सेल्फास का सेवन कर लिया जिसकी इलाज के दौरान जबलपुर मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई बरेला थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मामले की सूचना मेडिकल कॉलेज से प्राप्त हुई है मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है।

पनागर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में टकराव :जमकर चले लात घूंसे

जबलपुर. यश भारत । पनागर थाना थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर टकरा हो गया दोनों ही पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार उर्दुवा खुर्द निवासी 50 वर्षीय राधेश्याम राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है किकमलेश उर्फ कम्मू चौधरी, सागर उर्फ शेरा चौधरी, रवि एवं आकाश चौधरी ने मारपीट की है। दूसरी ओर सागर उर्फ शेरा चौधरी ने भी राधेश्याम राय पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शीतलहर का अलर्ट 31 तक ठंड से राहत नहीं

उमरिया, सिवनी, सीधी, पन्ना में भी सर्दी का जोर

जबलपुर, । जबलपुर में तीन दिन से ठंड का सितम लोगों पर एक बार फिर भारी पड़ने लगा है। 24 जनवरी को जहां न्यूनतम पारा 12 डिग्री से ऊपर था। अब ये 6 डिग्री नीचे आ चुका है। बर्फबारी वाले पहाड़ी इलाकों से आ रही उत्तरी हवाओं के चलते कंपकंपी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने 31 जनवरी तक शीतलहर जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। जबलपुर के साथ उमरिया, सिवनी, सीधी, पन्ना में अधिक ठंड और शीतलहर पड़ने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस के लगभग रहा। जो सामान्स से 5 डिसे कम रहा वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री रहा। सामान्य से 6 डिसे कम रहा। आज सुबह का तापमान भी सामान्य से 5 डिसे कम 6डिसे रहा। मौसम विभाग ने 31 जनवरी तक जिले में शीतलहर पड़ने की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार शाम होते ही शहर शीतलहर की चपेट में आ गया। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा देखते हुए दिखे। चार दिन से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे चल रहा है। उत्तरी हवाओं के चलते मौसम में ये बदलाव दिख रहा है।

हनुमानताल में मिला सब्जी विक्रेता का शव

घर से बगैर बताए दो दिन पहले निकला था

जबलपुर यश भारत। हनुमान ताल के गोलाघाट में आज शनिवार को सुबह सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक की पानी में डूबी हुई लाश बरामद की गई आसपास के लोगों ने जैसे ही शब को देखा तो उनका कलेजा मुंह को आ गयाद्य जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया द्यमौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है द्यप्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक 2 दिन से अपने घर से गायब था द्यजिसकी सूचना पूर्व में थाने में दर्ज थी। हनुमान ताल पुलिस ने मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि गोलाघाट जैन मंदिर के पास अमित तिवारी उम्र 40 साल निवासी शुक्रवारी बजरिया हनुमान ताल कि पानी में डूबी हुई लाश बरामद की गई है द्यमामले की बारीकी से पड़ताल जारी है।

शव के पास बैठे दुखी परिजन

पुलिस ने बताया कि मृतक अमित तिवारी सब्जी का बरसों से धंधा कर रहा था और विगत 2 दिनों से घर से बिना बताए गायब था परिजनों ने आसपास काफी खोजा लेकिन जब कहीं सुराग नहीं मिला तो थक हार कर इसकी सूचना थाने में दी गई थी। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर युवक की तलाश में जुटी थीद्य जिसके चलते आज गोलाघाट में युवक की लाश बरामद होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पार्टी से घर लौट रहे युवक की रास्ते में मौत

घने कोहरे के कारण जानवर से टकराया ; घटनास्थल पर ही तोड़ दिया दम

जबलपुर यश भारत । कटंगी थाना अंतर्गत बायपास रोड में शुक्रवार की दरमियानी रात पार्टी से घर लौट रहा स्कूटी सवार युवक घने कोहरे के कारण एक जानवर से टकरा गया जिस की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि अमन सोंधिया उम्र 27 साल पिता अशोक कुमार सोंधिया सिविल लाइन पचपेड़ी का निवासी था दरमियानी रात युवक स्कूटी में सवार होकर अपने दोस्तों के साथ कटंगी एक पार्टी में गया हुआ था रात में करीब 11बजे कटंगी से लौटते हुए कटंगी बायपास रोड पर घने कोहरे के कारण एक जानवर से टकरा गया इस दौरान युवक की स्कूटी की रफ्तार इतनी तेज थी की जानवर से टकराते ही युवक बाइक समेत उछलकर 10 फीट दूर जा गिरा। आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।

- सिर मैं गंभीर चोट

जानकारी अनुसार कोहरे के कारण जानवर से टकराने के दौरान युवक को सिर में गंभीर चोट आई थी जिस कारण युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई पुलिस मामले की जांच में जुटी है। **फोटो- बबलू**

लाखों के जेवरात और नगदी मैं हाथ साफ कर हुए रफूचक्कर

ग्वारीघाट में सूने घर में चोरों की वक्र द्रष्टि

जबलपुर यश भारत। ग्वारीघाट थाने अंतर्गत ब्रह्मऋषि कॉलोनी मैं चोरों ने सूने घर में धावा बोलकर लाखों के जेवरात और नकदी पार कर दिए जिस वक्त यह चोरी की घटना हुई पीड़ित परिवार जन घर में ताला लगा कर रिश्तेदारी में गए हुए थे जब वापस आए तो घर का ताला टूटा हुआ देख कर आवक रहेगा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया ह। जानकारी अनुसार 38 वर्षीय दिनेश तुलसानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चाँदी के जेवर सहित 1 लाख 58 हजार रुपए गायब कर दिए हैं। पुलिस मामले का पता लगाने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है साथ ही क्षेत्र के बदमाश और पूर्व पकड़े गए चोरों से भी सख्ती के साथ पूछताछ कर रही है।

संदेश चौरसिया को पितृशोक

जबलपुर। मध्यप्रदेश हिन्दी एक्सप्रेस कम्प्यूटर विभाग में कार्यरत संदेश चौरसिया चिंटू तथा ननिज में कार्यरत सतीश, सुजीत के पिता श्री मिश्रीलाल चौरसिया का गत रात्रि हृदयघात से निधन हो गया। अंतिम यात्रा त्रिमूर्ति नगर गली नं. दो स्थित निवास से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां दोपहर में दिवंगत का अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। इस मौके पर उपस्थितजनों ने दिवगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स)
रजि. नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दाँत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. काडियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग-पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक क बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
लक्ष्मी एम्पोरियम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
→चना →रेबड़ी →गजक →ड्रायफ्रूट
→नमकीन →तोस →लईया →लड्डू →भेल
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)